


सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./दुर्ग/1000000029/2026-28

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 17 अंक - 103 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 25 जनवरी 2026 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### काम से लौट रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बीती रात अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए काम करके पैदल घर लौट रहे एक ग्रामीण को अपनी चपेट में लिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खम्हार गांव के बजारडांड़ पारा के पास बीती रात 8 बजे के आसपास अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए काम करके पैदल अपने घर लौट रहे ललित विश्वकर्मा निवासी ऊंकाडांड़ (खम्हार) को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों के अलावा गांववालों में कोहराम मच गया। मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

### राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना से सनसनी, आरोपी हिरासत में

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने रामनगरी की सुरक्षा बढ़ा दी है। कॉलर को हिरासत में ले लिया गया है। युवक गोंडा का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया गया कि आरोपी युवक दिमागी रूप से असंतुलित है। शनिवार रात 10:30 बजे 112 पर फोन करके पुलिस को राम मंदिर में ब्लॉस्ट होने की सूचना दी गई। इंटेलिजेंस से जुड़े अधिकारी और अयोध्या पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने अभी युवक के नाम और पता की जानकारी साझा नहीं की है। पुलिस के अनुसार पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### हैदराबाद में फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग पांच की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में शनिवार को एक चार मंजिला फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। इस दुर्घटना में महिला समेत चार की मौत हो गई है। वहीं, घटना के बारे में जानकारी देते हुए हैदराबाद पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 21 घंटे बाद बचाव अभियान खत्म हो गया है। रविवार को घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगी की इस घटना में एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई है। फंसे हुए लोगों के लिए लगातार बचाव अभियान जारी रहा, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका है। आग किस वजह से लगी इस बात की जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### छत्तीसगढ़ में सुबह-रात में ठंड, दिन में मौसम ड्राई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सुबह-शाम ठंड पड़ रही है वहीं दिन में हल्की गर्मी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 3 दिनों में अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। हालांकि, इस दौरान मौसम में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं है।

# छत्तीसगढ़ में बनेगी आधुनिक फिल्म सिटी

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया चित्रोत्पला फिल्मसिटी प्रोजेक्ट का भूमि पूजन, फिल्म उद्योग को मिलेगी नई पहचान

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में फिल्म उद्योग को नई पहचान मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को राजधानी रायपुर के ग्राम माना-तूता में चित्रोत्पला फिल्म सिटी तथा ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन किया। इस मौके पर सीएम साय ने कहा कि यह परियोजना छत्तीसगढ़ के कलाकारों और फिल्म जगत से जुड़े लोगों के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दो वर्षों में यहां एक आधुनिक और सुविधाओं से युक्त फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के अभिनय और कला जगत से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय फिल्म निर्माताओं को फिल्म निर्माण से जुड़ी सभी तकनीकी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने फिल्म सिटी एवं ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के लिए केंद्र सरकार से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश की कला और कलाकारों को उचित सम्मान मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने भूमिपूजन के साथ ही फिल्म निर्माण और कन्वेंशन सेंटर से संबंधित विभाग को चार प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में फिल्म निर्माण गतिविधियों को नई गति मिलेगी और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को बड़े पर्दे पर स्थान मिलेगा।

### पर्यटन एवं फिल्म उद्योग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह अवसर छत्तीसगढ़ पर्यटन एवं फिल्म विकास उद्योग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह केवल एक निर्माण परियोजना की शुरुआत नहीं है, बल्कि राज्य के सांस्कृतिक, आर्थिक और रचनात्मक भविष्य की सशक्त नींव है। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, विधायक इंद्र कुमार साहू, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल तथा पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव उपस्थित थे।

### फिल्म निर्माताओं के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन

मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहाने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण राज्य है और इस पहल से पर्यटन के साथ-साथ फिल्म उद्योग को भी नया आयाम मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ फिल्म निर्माताओं के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। हमारी स्पष्ट योजना है कि आगामी दो वर्षों के भीतर इन परियोजनाओं को पूर्ण कर राज्य को समर्पित किया जाएगा। चित्रोत्पला फिल्म सिटी के माध्यम से प्रदेश के हजारों हुनरमंद कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

### फिल्मसिटी में मिलेंगी यह सुविधाएं

चित्रोत्पला फिल्म सिटी में गांव, शहर एवं गलियों के सेट, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, जेल एवं पुलिस चौकी, स्कूल-कॉलेज, मंदिर एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों के सेट, स्कल्प्चर गार्डन, शॉपिंग स्ट्रीट, प्रोडक्शन ऑफिस, स्टूडियो, प्रशासनिक भवन एवं पार्किंग विकसित की जाएगी। साथ ही पर्यटकों के लिए टॉय म्यूजियम, स्नो वर्ल्ड, होटल, रेस्टोरेंट, मल्टीप्लेक्स एवं एक्सपीरियंस सेंटर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर में लगभग 1500 लोगों की क्षमता वाला आधुनिक कन्वेंशन हॉल विकसित किया जाएगा, जिसमें मीटिंग, कॉन्फ्रेंस, बैंक्वेट, रेस्टोरेंट, अतिथि कक्ष, जिम, लाइब्रेरी, स्वीमिंग पूल एवं प्रशासनिक ब्लॉक जैसी सुविधाएं होंगी।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर कोसा ने निकाली भव्य साइकिल रैली

■ 40 किमी का सफर कर दिया फिटनेस और देशभक्ति का दिया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया (कोसा) ने 'स्पोर्ट्स एंथुसियास्टिक एसोसिएशन ऑफ रायपुर' के साथ मिलकर 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष्य में 25 जनवरी को रायपुर में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया। यह साइकिल रैली रायपुर के करेंसी टॉवर चौक से शुरू हुई और नया रायपुर के सेंध झील पर जाकर समाप्त हुई, जिसमें लगभग 40 किलोमीटर की दूरी तय की गई। इस रैली में रायपुर के बड़ी संख्या में साइकिल प्रेमियों और भारतीय सेना के जवानों ने भाग लिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति, भाईचारा, टीम भावना और शारीरिक फिटनेस का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम के समापन पर सेंध झील में भारतीय सेना के मिलिट्री बैंड ने अपनी शानदार प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया के कमांडर, ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा, सेना मेडल ने सभी को इस रैली का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद दिया। इस आयोजन ने छत्तीसगढ़ के नागरिकों में देशभक्ति के जोश को और अधिक बढ़ाने का काम किया है।

## सेक्स सीडी कांड : सेशन कोर्ट ने पलटा सीबीआई लोअर कोर्ट का फैसला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित सेक्स सीडी कांड मामले में रायपुर सेशन कोर्ट न सीबीआई की लोअर कोर्ट के फैसले को निरस्त कर रिव्यू पिटिशन को मंजूर कर लिया है। रायपुर सेशन कोर्ट ने भूपेश बघेल को नियमित कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। अब इस केस की दोबारा सुनवाई होगी।

सीबीआई की लोअर कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मार्च 2025 में आरोपों से बरी कर दिया था। सीबीआई की विशेष कोर्ट ने सभी धाराएं हटाते हुए कहा था कि, उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का कोई आधार नहीं है। इस फैसले के खिलाफ सीबीआई ने सेशन कोर्ट में रिव्यू याचिका दाखिल की थी। इसके पहले भूपेश बघेल के बचाव में जबलपुर हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त ने कहा था कि बघेल को झूठे मामले में फंसाया गया। वहीं कारोबारी कैलाश मुरारका और पूर्व मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा ने भी खुद को आरोपों से मुक्त करने के लिए आवेदन लगाया था। हालांकि सेशन कोर्ट ने उनके आवेदन को खारिज कर दिया है। कोर्ट का कहना है कि उनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं और उन्हें ट्रायल का सामना करना होगा। इस मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कारोबारी कैलाश मुरारका, विनोद वर्मा, विजय भाटिया और विजय पांड्या आरोपी हैं।

## सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई : बीजापुर में 16 प्रेशर आईईडी और नक्सल सामग्री बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के बंदेपारा व नीलमड़गु के मध्य जंगल क्षेत्र में सुरक्षाबलों द्वारा संचालित सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों के छिपाए गए 16 प्रेशर आईईडी बरामद किए। ये आईईडी बीयर की बोतलों में लगाए गए थे और इन्हें बीडीएस टीम ने निष्क्रिय कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार 24 जनवरी को डीआरजी बीजापुर, थाना मद्देड़ और केरिपु 22वीं बटालियन की संयुक्त टीम जंगल क्षेत्र में नियमित सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। बंदेपारा-नीलमड़गु पगडंडी मार्ग पर माओवादियों द्वारा बीयर की बोतलों में लगाकर छिपाए गए 16 प्रेशर आईईडी मिले। साथ ही स्टील कंटेनर और प्लास्टिक बाल्टी भी बरामद कीं, जिनमें भारी मात्रा में विस्फोटक और माओवादी सामग्री छुपाई गई थी। सभी बरामद आईईडी को मौके पर ही बीडीएस टीम ने सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इतनी बड़ी मात्रा में बरामद विस्फोटक इस बात का संकेत है कि माओवादी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे। सुरक्षा बलों खतरे को टाल दिया गया।

### बरामद सामान

जिलेटिन स्टिक - 784 नग , कार्डेक्स वायर - 3 बंडल, काली वर्दी का कपड़ा - लगभग 350 मीटर, गन पाउडर - 1 किलोग्राम, वॉकी-टॉकी, चार्जर - 4 नग, बैटरी - 4 नग, मोबाइल चार्जर - 2 नग, माओवादी साहित्य, वर्दी, पिट्ठू बैग और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री।

## गणतंत्र दिवस पर 11 पुलिस अफसर होंगे सम्मानित

■ आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी श्वेता सिंह सहित यह नाम हैं शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अफसरों को दिए जाने वाले प्रतिष्ठित पदकों की घोषणा कर दी गई है। इस साल छत्तीसगढ़ के 11 पुलिस अफसरों को उनके उत्कृष्ट और सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। छत्तीसगढ़ से रामअवतार सिंह राजपूत को प्रेसिडेंट मेडल से नवाजा गया है। वे वर्तमान में एएसआई के पद पर पदस्थ हैं। लंबे समय से अनुशासित सेवा और कर्तव्यनिष्ठ कार्य के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है।

इसके अलावा राज्य के 10 सीनियर और युवा पुलिस अफसरों को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया गया है। इनमें वरिष्ठ आईजी से लेकर सहायक पुलिस अधीक्षक



और कमांडेंट स्तर के अधिकारी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों का कहना है कि ये सम्मान पुलिस अफसरों के निरंतर समर्पण, प्रशासनिक दक्षता और जनसेवा में योगदान को देखते हुए दिए गए हैं। हालांकि, इस वर्ष राज्य से किसी को भी वीरता पदक नहीं मिलने को लेकर पुलिस महकमे में चर्चा जरूर है। गणतंत्र दिवस पर घोषित इन सम्मानों से प्रदेश पुलिस बल का मनोबल बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।


### इन अफसरों को मिला पदक

- आईजी राम गोपाल
- एसपी शशि मोहन सिंह
- एसपी राजश्री मिश्रा
- एसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा
- कमांडेंट निवेदिता पॉल
- कमांडेंट मनीषा ठाकुर रावते
- अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तारकेश्वर पटेल
- एएसपी एमएस उनेज़ा खातून अंसारी,
- असिस्टेंट कमांडेंट जयलाल मरकाम।
- हजारी लाल साहू, प्लाटून कमांडर



## रायपुर कमिश्नर संजीव शुक्ला ने देर रात ली अफसरों की बैठक

**रायपुर।** रायपुर कमिश्नरेट के कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने पदभार संभालते ही लॉ एंड ऑर्डर पर सख्ती दिखाई है। उन्होंने चालान के नाम पर वाहन स्वामियों को जबरिया परेशान ना करने की नसीहत अधीनस्थ अधिकारियों को दी है। शनिवार रात 10 बजे सिविल लाइन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने शहर की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग की प्राथमिकताओं को साफ तौर पर रखा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर सहित सभी डिप्टी पुलिस कमिश्नर, एडिशनल डीसीपी, असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर और थाना प्रभारी मौजूद रहे।




## मोहन मरकाम, शिव डहरिया और राघवेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश के ऑब्जर्वर नियुक्त

■ एआईसीसी ने छत्तीसगढ़ के चार नेताओं को दी जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने देश के 6 राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, गोवा, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय में ऑब्जर्वरों की सूची जारी की है। इनमें छत्तीसगढ़ के 4 नेताओं को भी जिम्मेदारी मिली है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम को उत्तर प्रदेश का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। उनके साथ अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह और पूर्व मंत्री शिव डहरिया को भी उत्तर प्रदेश में संगठन सृजन अभियान की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, पूर्व मंत्री उमेश पटेल को नागालैंड का ऑब्जर्वर बनाया गया है।



कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत यह सूची जारी की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष की मंजूरी के बाद यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से अहम राज्य में इन नेताओं की तैनाती को कांग्रेस संगठन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी राज्यों में जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

**ढाका ए.।** बांग्लादेश में एक बार फिर एक हिंदू युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है। युवक की पहचान चंचल चंद्र भौमिक के रूप में हुई है, जो नरसिंहदी इलाके में एक गैराज में सो रहा था। उसी दौरान अज्ञात लोगों ने गैराज में पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिसमें जिंदा जलकर चंचल की दर्दनाक मौत हो गई। बांग्लादेश के पत्रकार सलाह उद्दीन शोएब चौधरी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मामले की पूरी जानकारी दी। सलाहउद्दीन शोएब चौधरी ने लिखा कि बांग्लादेश में एक बार फिर हिंदू युवक को जलाकर मार डाला गया है। पहले दीपू चंद्र दास को मेमनसिंह में जलाकर मारा गया। उसके बाद शरियातपुर में खोकन चंद्र दास को मारा गया और अब नरसिंहदी में चंचल चंद्र भौमिक को एक दुकान में जिंदा जलाकर मार डाला गया। यह घटना शुक्रवार रात घटित हुई। सलाहउद्दीन ने लिखा, चंचल चंद्र भौमिक कोमिला जिले के लक्ष्मीपुर गांव का निवासी था और अपने पिता की मौत के बाद घर चलाने की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। चंचल की मां बीमार रहती है और उसका एक भाई दिव्यांग है। वह बीते छह साल से नरसिंहदी में रूबल मियां नामक व्यक्ति के गैराज में काम करता था और नरसिंहदी में ही रहता था।



## संपादकीय

# गणतंत्र दिवस

### गौण होते गण का पर्व

गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। एक महान पर्व। इसे हमें सगर्व और सोल्लास मनाना चाहिये। यह औपनिवेशिक-दासता से मुक्ति के करीब ढाई साल के बाद उस ऐतिहासिक प्रसंग से जुड़ा है, जब हमारे नव-स्वतंत्र महादेश ने सार्वभौमिकता अख्तियार की। इस दिन हमारा अपना संविधान लागू हुआ। राजवंश समाप्त हुये। राजे-महाराजे भूतपूर्व की तालिका में वर्गीकृत हुये। गणतंत्र का उदय हुआ। हमारा अपना संविधान लागू हुआ; एक ऐसा संविधान जो गहन-विमर्श और विचार-मंथन के उपरांत अस्तित्व में आया था। संविधान सदाशयी, समदर्शी और सामासिक था। उसमें कोई खोट न था। उसके लिए सब समान थे। ऊंच-नीच, जाति-धर्म, गरीब-अमीर, अस्पृश्य-सवर्ण, सबल-निर्बल, स्त्री-पुरुष, गारे-काले में कोई भेद नहीं। यह जनगण का संविधान था। इसमें, किसी व्यक्ति, समुदाय या युति की नहीं, वी द पीपुल की निर्विवाद और घोषित महत्ता थी। यह हम भारत के लोगों की एक महान लोकतांत्रिक राष्ट्र रचने के स्वप्न और संकल्प की अभिव्यक्ति थी। उसकी पृष्ठभूमि में तरल और सान्द्र अनुभूतियों का सागर लहराता था। वह सबको समान अधिकार, सबको समान अवसर और सबके उत्थान का घोषणा पत्र था। यकीनन यह इतिहास में पहली बार हो रहा था। इस नाते वह क्षण गौरवशाली था, जब हमारा संविधान लागू हुआ। छब्बीस जनवरी का दिनांक इतिहास के फलक पर सुनहरी इबारतों में अंकित हुआ।

"हमारी संविधान निर्मात्री सभा में तप-पूत जनों का बाहुल्य था। अधिकांश का व्यक्तित्व स्वतंत्रता-संग्राम की आग में तपे कुन्दन सरीखा था। महात्मा के प्रभामंडल का आलोक ओरछोर व्याप्त था। लक्ष्य स्पष्ट था। संविधान ने बरबस कोटि-कोटि भारतीयों के लिये निर्दिष्ट की ओर बढ़ने की न सिर्फ पीठिका रची, बल्कि उन्हें प्रेरणा, परिवेश, अवसर और संबल भी प्रदान किया। हम आगे बढ़े। अघातों और अवरोधों के बावजूद। स्वप्नदृष्टा प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा, आराम हराम है। नये औद्योगिक तीर्थ स्थापित हुये। हरित और श्वेत क्रांति हुई। भारत ने अंतरिक्ष युग में प्रवेश किया।

हमारी संविधान निर्मात्री सभा में तप-पूत जनों का बाहुल्य था। अधिकांश का व्यक्तित्व स्वतंत्रता-संग्राम की आग में तपे कुन्दन सरीखा था। महात्मा के प्रभामंडल का आलोक ओरछोर व्याप्त था। लक्ष्य स्पष्ट था। संविधान ने बरबस कोटि-कोटि भारतीयों के लिये निर्दिष्ट की ओर बढ़ने की न सिर्फ पीठिका रची, बल्कि उन्हें प्रेरणा, परिवेश, अवसर और संबल भी प्रदान किया। हम आगे बढ़े। अघातों और अवरोधों के बावजूद। स्वप्नदृष्टा प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा, आराम हराम है। नये औद्योगिक तीर्थ स्थापित हुये। हरित और श्वेत क्रांति हुई। भारत ने अंतरिक्ष युग में प्रवेश किया। परमाणु विस्फोट से वह महाशक्तियों के क्लब में शरीक हुआ। निर्गुट आंदोलन ने उसे वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दी। बीसवीं सदी का समूचा उत्तरार्द्ध भारत के चतुर्मुखी विकास और उत्थान का अदभुत कालखंड था। और यह संभव हो सका था हमारे अनूठे संविधान की बदौलत। अर्द्धशती के इस अंतराल में भारतीय प्रतिभाओं ने सारे विश्व को चमत्कृत किया। यकीनन इससे भारत का मान बढ़ा और विश्व के तमाम राष्ट्रों में भारत के प्रति आदर और प्रशंसा का भाव निर्मित हुआ। भारत में विभिन्न धर्मों और जातियों के सह-अस्तित्व ने वैश्विक स्तर पर भारत की अनूठी और आकर्षक छवि निर्मित की। बीती दहाइयों में हमने हमने शीर्ष पदों पर महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यकों को बैठे देखा। इनमें लौह महिला इंदिरा गाँधी ने नया इतिहास रचा और डॉ. एपीजे कलाम जीते-जी भारत रत्न से सम्मानित हुये। किस्सा कोताह यह कि हमारा संविधान हमारी ताकत बना और उसने इस महादेश के मेरुदण्ड को सीधा और सुदृढ़ रखने के साथ-साथ धमनियों और शिराओं में रक्त के प्रवाह को कायम रखा। ऐसा नहीं है कि तीन चौथाई सदी में विकृतियां नहीं पनपीं। देश की परखनली में जब-तब अंत:क्रियाओं से मटमैला अवक्षेप भी उपजा, लेकिन वह कभी भी देश की एकता, अखंडता और सार्वभौमिकता के लिये खतरा नहीं बन सका। यकीनन सत्ताधीशों से गलतियाँ तो हुईं, लेकिन उनकी सदाशयता कभी संदेह के घेरे में नहीं आई। हाँ, हमने एक बड़ी गलती जरूर की कि हमने नागरिकता-बोध और सेक्यूलर मनस विकसित नहीं किया। हमने विभेदकारी, तंग जेहन और मजह?बी तत्वों की जड़ों में मट्ठा नहीं डाला। फलत: उसमें कल्ले फूटते गये और उनका तेजी से पनपना जारी रहा।

# प्रगति और भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर गवर्नेंस का रीओरिएंटेशन

गिरिधर अरमाने

**भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में हाल की तरक्की को अक्सर नंबरों से बताया जाता है—कितने किलोमीटर हाईवे बने, एयरपोर्ट चालू हुए, या कैपिटल खर्च बढ़ा। ये इंडिकेटर ज़रूरी और प्रभावशाली हैं, लेकिन वे चल रहे बदलाव को सिर्फ थोड़ा ही समझाते हैं। उतना ही ज़रूरी यह भी रहा है कि बड़े पब्लिक प्रोजेक्ट्स को कैसे गवर्न किया जाता है, कोऑर्डिनेट किया जाता है और पूरा किया जाता है। पिछले एक दशक में, इस बदलाव ने सभी सेक्टर्स के नतीजों को बदल दिया है, खासकर उन प्रोजेक्ट्स के लिए जो लंबे समय से एडमिनिस्ट्रेटिव बंटवारे और फैसले लेने में देरी की वजह से रुके हुए थे।**



जब 2014 में मौजूदा सरकार ने काम संभाला, तो इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर पर काफी दबाव था। लगभग 8.8 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स—GDP का लगभग आठ परसेंट—रुके हुए थे। इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स 11 परसेंट को पार कर गए थे, और ज़मीन अधिग्रहण, एनवायरनमेंटल और फॉरेस्ट क्लीयरेंस, और इंटर-एजेंसी कोऑर्डिनेशन में देरी सिस्टमिक हो गई थी। इसलिए पॉलिसी की चुनौती सिर्फ़ इन्वेस्टमेंट बढ़ाने तक ही सीमित नहीं थी; इसके लिए इंस्टीट्यूशनल कमज़ोरियों को ठीक करना ज़रूरी था, जो एग्ज़िक्यूशन में रुकावट डाल रही थीं।

इसी संदर्भ में मार्च 2015 में PRAGATI (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक स्ट्रक्चर्ड, पूरी सरकार का रिव्यू मैकेनिज़्म के तौर पर सोचा गया, प्रगति का मकसद रेगुलर मॉनिटरिंग और कोऑर्डिनेटेड सॉल्यूशन के ज़रिए लगातार आने वाली रुकावटों को दूर करना था। इसका मकसद सीधा था: यह पक्का करना कि बड़े पब्लिक प्रोजेक्ट्स एडमिनिस्ट्रेटिव देरी की वजह से रुके न रहें, जिनसे बचा जा सकता था।

इन रिव्यू की अध्यक्षता करने में प्रधानमंत्री की भूमिका ने प्रोसेस को अधिकार और अर्जेंसी दी। इससे भी ज़रूरी बात यह है कि इसने यह संकेत दिया कि एग्ज़िक्यूशन और टाइमलाइन मायने रखते हैं, और अनसुलझे को ऑर्डिनेशन मुद्दों को अनिश्चित काल तक बहने नहीं दिया जाएगा। साथ ही, प्रगति को मौजूदा इंस्टीट्यूशनल चैनलों के ज़रिए काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, ताकि मंत्रालयों, राज्यों और ज़िला एडमिनिस्ट्रेशन में अकाउंटेबिलिटी को मज़बूत किया जा सके, न कि उन्हें बायपास किया जा सके। प्रगतीको दूसरे गवर्नेंस सिस्टम से अलग करने वाली सबसे बड़ी बात थी प्रधानमंत्री का एक ही मकसद, हर सेक्टर की डिटेल पर उनकी पकड़ और रिव्यू की लगातार रेगुलरिटी। हर महीने तीन घंटे के सेशन, जिनकी अध्यक्षता खुद प्रधानमंत्री करते थे, ने एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम में हलचल मचा दी। जब सबसे बड़ी एग्जीक्यूटिव अथॉरिटी, पूरी तैयारी के साथ, सीधे तौर पर काम न करने और एक-दूसरे पर इल्ज़ाम लगाने का सामना करती है, तो सुस्ती और रेड टेप को छिपने की कोई जगह नहीं मिलती। इन मीटिंग्स में कड़ी फटकार, गड़बड़ियों का साफ खुलासा, और अड़ियल अधिकारियों को डेटा पर आधारित चैलेंज शामिल थे, साथ ही उन्हें देश के प्रति उनके कर्तव्य की याद दिलाने की अपील भी की गई। इसका नतीजा यह हुआ है कि पिछले एक दशक में इंफ्रास्ट्रक्चर डिलीवरी में ज़बरदस्त बढ़ोतरी हुई है, और यह रफ़्तार अभी भी जारी है।

एक डिजिटल प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म की मदद से, प्रगति ने मुद्दों की सिस्टमैटिक ट्रैकिंग और समय पर फॉलो-अप को मुमकिन बनाया। ज़िम्मेदारियाँ साफ तौर पर सौंपी गईं—केंद्रीय मंत्रालयों के सेक्रेटरी और राज्य के मुख्य सेक्रेटरी से लेकर ज़िला कलेक्टर और फील्ड-लेवल के अधिकारियों तक—जिससे ओनरशिप में कन्फ्यूजन कम हुआ, खासकर जहाँ मुद्दे अलग-अलग अधिकार क्षेत्रों से जुड़े थे। इस बदलाव का असर न सिर्फ़ इकट्ठा किए गए डेटा से, बल्कि अलग-अलग प्रोजेक्ट के रास्ते से भी सबसे अच्छे से समझा जा सकता है। इसका एक उदाहरण भद्राचलम-कोवूर रेलवे लाइन है। इसका शिलान्यास 1999 में हुआ था, जब मैं वहाँ डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट था। उसके बाद लगभग अठारह साल तक, इस प्रोजेक्ट में बहुत कम प्रोग्रेस हुई, इसके इलाके के हिसाब से महत्व होने के बावजूद कोई काम का एलोकेशन या मंज़ूरी नहीं मिली। जब प्रगति रिव्यू में ऐसे लंबे समय से रुके हुए प्रोजेक्ट पर ध्यान दिया जाने लगा, तभी काम में तेज़ी आई। 2022 में, लाइन के एक बड़े हिस्से का आखिरकार उद्घाटन हुआ – यह नतीजा टेक्निकल फीज़िबिलिटी में बदलाव नहीं, बल्कि इंस्टीट्यूशनल ध्यान और फ़ॉलो-थ्रू में बदलाव दिखाता है।

प्रगति के शुरुआती महीनों में भी ऐसा ही बदलाव दिखा था। 2015 में, मुंबई मेट्रोपॉलिटन इलाके में टाउन प्लानिंग स्कीम की स्टडी करने के लिए MMRDA और CIDCO के ऑफिस जाते समय, मैं कॉरिडोर में अजीब सी अर्जेंसी देखकर हैरान रह गया था। उस दोपहर होने वाली प्रगती मीटिंग से पहले अधिकारी टेंशन भरी पूछताछ का सामना कर रहे थे। मुद्दा नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए पर्यावरण मंत्रालय से मंज़ूरी का था—जो कई सालों से बिना किसी समाधान के पेंडिंग था। मीटिंग से कुछ समय पहले, मंज़ूरी फैक्स से आई। मंज़ूरी अपने आप में कोई उपलब्धि नहीं थी; जो बदला था वह यह उम्मीद थी कि लंबे समय से पेंडिंग फैसलों की अब जांच की जाएगी और उन्हें समझाया जाएगा।

इस दौरान, हाईवे निर्माण की रफ़्तार 2014 में लगभग 12 किमी प्रति दिन से बढ़कर लगभग 35 किमी प्रति दिन हो गई, जो ज़्यादा क्षमता और बेहतर तालमेल दोनों को दिखाता है।

प्रगति ने इंफ्रास्ट्रक्चर लाइफ़साइकिल को मज़बूत करने वाले व्यापक सुधारों के साथ भी काम किया। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के तहत इंटीग्रेटेड प्लानिंग ने अलग-अलग फैसले लेने की प्रक्रिया को कम किया। ज़मीन अधिग्रहण और पर्यावरण मंज़ूरी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म ने मंज़ूरी की समय-सीमा को कम किया, जबकि कॉन्ट्रैक्टिंग, विवाद समाधान और प्रोजेक्ट-तैयारी के नियमों में सुधार ने जोखिम आवंटन और प्राइवेट सेक्टर के भरोसे में सुधार किया।

इसने सहकारी संघवाद में एक नए चरण की भी शुरुआत की। राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए, कई राज्य सरकारों ने इस मंच का इस्तेमाल इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में तेज़ी लाने के लिए किया, जिससे सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत को प्रशासनिक व्यवहार में बदला गया।

कुल मिलाकर, इन उपायों ने सार्वजनिक पूंजीगत खर्च में लगातार वृद्धि और ज़्यादा सुसंगत डिलीवरी पाइपलाइन का समर्थन किया है, जिसके परिणाम हाईवे, रेलवे, हवाई अड्डों और शहरी परिवहन प्रणालियों में दिखाई दे रहे हैं। व्यापक सबक स्पष्ट है: इंफ्रास्ट्रक्चर डिलीवरी उतनी ही शासन डिज़ाइन पर निर्भर करती है जितनी कि वित्तीय प्रतिबद्धता पर।

जैसे-जैसे भारत विज़न 2047 की ओर बढ़ रहा है, नियोजित इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार का पैमाना संस्थागत क्षमता पर बढ़ती मांग डालेगा। प्रगति को बनाए रखने के लिए इन शासन प्रथाओं को सभी क्षेत्रों और राज्यों में और गहराई से लागू करने की आवश्यकता होगी। इस अर्थ में, प्रगति को एक बार के हस्तक्षेप के रूप में नहीं, बल्कि भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यक्रम में महत्वाकांक्षा को निष्पादन के साथ संरेखित करने के निरंतर प्रयास के हिस्से के रूप में सबसे अच्छी तरह समझा जाता है।

# ऐसा पछतावा ना हो कि 'एक बार पूछ लेता तो अच्छा होता'

एन. रघुरामन




कैंसर पीड़ित एक युवक ने घर और अस्पताल में कई महीने गुजारने के बाद एक दिन बाहर निकलने का फैसला किया। वह एक म्यूजिक स्टोर पर सीडी खरीदने रुका और वहां मौजूद सेल्स गर्ल उसे अच्छी लग गई। जैसे ही वह अंदर गया, उसे पहली ही नजर में प्यार हो गया। वह काउंटर तक गया तो सेल्स गर्ल ने मुस्कराकर पूछा- 'क्या मैं आपकी कोई मदद कर सकती हूं?'

लंबे समय से गंभीर-से चेहरे देख रहे उस युवा के लिए यह अब तक की सबसे खूबसूरत मुस्कान थी। वह बोला- 'उम्मज मैं एक सीडी लेना चाहता हूं।' उसे जो पहली सीडी दिखी, उठा ली और पैसे दे दिए। लड़की मुस्कराते हुए बोली, 'क्या मैं इसे गिफ्ट रैप कर दूं?' लड़के ने हां बोला और वो उसे रैप करने पीछे के रूम में चली गई। लड़का रैप्ड सीडी लेकर घर चला गया।

तब से अगले कुछ दिन तक वह नियमित उसी म्यूजिक स्टोर पर जाता और हर दिन एक सीडी खरीदता। रोजाना लड़की उन्हें गिफ्ट रैप करती रही और लड़का वो सीडी बिना खोले ही अपनी अलमारी में रखता रहा। लड़का बेहद शर्मीला था। उसने लाख कोशिश की, लेकिन लड़की से आउटिंग पर चलने के लिए पूछने की हिम्मत जुटा ही नहीं पाया। एक दिन उसके दोस्त ने उसे हौसला दिया। अगले दिन वह पक्का मन बनाकर स्टोर पहुंचा। हमेशा की तरह एक सीडी खरीदी और जब लड़की किसी दूसरे ग्राहक को अटैंड कर रही थी तो अपना फोन नंबर वहां छोड़कर चला गया।

अगले दो दिन वह स्टोर नहीं गया तो लड़की ने उसे फोन किया। मां ने फोन उठाया और सोचने लगीं कि ये कौन हो सकता है। ये वही म्यूजिक स्टोर वाली लड़की थी। उसने बेटे से बात कराने को



कहा तो मां रो पड़ीं। लड़की ने पूछा, क्या हुआ? मां बोलीं, 'तुम्हें नहीं पता? वह तो कल ही गुजर गया।' फोन पर लंबी खामोशी छा गई।

उसी दोपहर मां ने उसकी अलमारी खोली और देखकर हैरान रह गईं कि वहां गिफ्ट-पेपर में लिपटीं बहुत सारी सीडी रखी थीं। चूंकि वहां बहुत-सी सीडी थीं, तो मां को उत्सुकता हुई और उन्होंने हाल ही में लाई गई एक सीडी खोल ली। पैकेट फाड़ते ही उन्हें एक पर्ची दिखी, जिस पर लिखा था- 'हाय, तुम बहुत क्यूट हो। मैं तुमसे मिलना चाहूंगी। कभी बाहर चलें? - सोफी।' यह देख कर मां फफक पड़ीं।

गुरुवार की रात एक बड़ी गलती करने के बाद मुझे यह कहानी याद आई। मैं मुंबई जाने वाली ट्रेन की जगह पुणे जा रही ट्रेन में चढ़ गया था। दोनों ट्रेनें अमरावती से ही चलती हैं। गलत ट्रेन में चढ़ने के बाद कुछ सोच पाता, उससे पहले ही मैंने देखा कि दो और लोग भी यही गलती कर बैठे थे। अब वो कभी रेलवे अनाउंसमेंट सिस्टम को कोस रहे थे, तो कभी चेन खींचने की धमकी दे रहे थे।

जब वे टीसी से झगड़ रहे थे तो मुम्बई जाने वाली ट्रेन दूसरे ट्रैक पर हमें ओवरटेक कर गई, क्योंकि वो पुणे की ट्रेन से ज्यादा फास्ट थी। मैंने हेड टीसी के बारे में पता करने के लिए बेडरोल सुपरवाइजर से मदद लेने का निर्णय किया और गलती के लिए उनसे माफी मांगी। हेड टीसी के लिए मैं उन यात्रियों से बेहतर था, जो कड़वाहट भरी तेज आवाज में शिकायत कर रहे थे।

उन्होंने तत्काल पीछे आ रही ट्रेन के हेड से संपर्क किया और मदद का इंतजाम कर दिया। हम सब मनमाड स्टेशन पर उतर गए, लेकिन सीट मुझ अकेले को ही मिल पाई। वे दोनों फिर शिकायत करने लगे कि मुझे सीट क्यों मिली और उन्हें क्यों नहीं। तब टीसी ने कहा, 'आप पहले पूछ लेते तो मैं आपको देता'

फंडा यह है कि जिंदगी में कोई विचित्र-सी स्थिति आए तो तत्काल पूछ लेना बेहतर है, बजाय इसके कि हम बाद में पछतावा करें- 'एक बार पूछ लेता तो अच्छा होता।'

# हम भारत के लोग और हमारा सतत दायित्व

राजनाथ सिंह

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 16 मई 1952 को पहली लोकसभा को संबोधित करते हुए, संसद सदस्यों को उनके लोकतांत्रिक दायित्वों की गंभीरता का स्मरण कराया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि संविधान के लागू होते ही, राष्ट्रपति के निर्वाचन और पहले आम चुनाव के साथ स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का प्रथम चरण पूरा हो चुका है और देश अब ऐसे दूसरे चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसमें कोई विराम नहीं होगा। उनके अनुसार दूसरे चरण की लोकतान्त्रिक यात्रा तभी सफल होगी जब राज्य और शासन व्यवस्था जन-आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए पूरी तरह समर्पित होगा।

हमारे संविधान निर्माताओं ने शासन व्यवस्था के केंद्र में इस नैतिक दायित्व को स्थापित करके, राज्य और नागरिकों के बीच के संबंध को पुन: परिभाषित किया था। अब भारत के लोग किसी शासक की प्रजा नहीं, बल्कि अधिकारों से युक्त नागरिक बन चुके थे।

लोकतंत्र की एक परिभाषा के अनुसार, लोकतंत्र का अर्थ होता है ऑफ द पीपल, बाय द पीपल और फॉर द पीपल यानि जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए शासन।

हमारे संविधान की प्रस्तावना में यह साफ है कि हमारे देश में संप्रभुता जनता के हाथों में हैं और यह संविधान भारत के लोगो ने ही स्वयं के लिए गढ़ा हैं। इसलिए संविधान के अंगीकरण के साथ ही 'ऑफ द पीपल' का सिद्धांत, साकार हो गया था।

दूसरा सिद्धांत- बाय द पीपल, वर्ष 1952 के पहले आम चुनावों के साथ स्थापित हुआ जब लोकसभा और विधानसभाओं के सदस्यों का निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर हुआ।

लेकिन लोकतंत्र का तीसरा महत्वपूर्ण सिद्धांत- फॉर द पीपल, एक निरंतर प्रक्रिया है। इसी निरंतर प्रक्रिया की बात डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने की थी जब उन्होंने भारत की दूसरे चरण की यात्रा में कोई विराम न होने की बात कही थी।

इन सारे तथ्यों से यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान और लोकतंत्र की पूरी व्यवस्था के केंद्र में 'हम भारत के लोग' हैं और उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान का ध्येय है।

यह ध्येय हमेशा भारत की राजनीतिक चेतना का अभिन्न अंग रहा है। प्राचीन भारत में योग-क्षेम का सिद्धांत व्यक्ति के कल्याण और सुरक्षा से जुड़ा हुआ था। महात्मा गांधी के सर्वोदय के विचार के केंद्र में भी सभी का उत्थान है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत भी व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास और वंचित वर्गों के उत्थान पर केंद्रित हैं। विकास के केंद्र में नागरिकों को रखने की यह परंपरा वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति सबका साथ, सबका विकास में भी निहित है।

वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनता केंद्रित शासन व्यवस्था की यह सोच सरकार की नीतियों और कार्यों में स्पष्ट दिखायी देती है। इससे संवैधानिक उद्देश्यों की पूर्ति को गति और शक्ति मिली है।

संविधान में मौजूद नीति निदेशक तत्वों के अंतर्गत राज्य पर श्रमिकों के लिए मानवीय और न्यायपूर्ण परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने का दायित्व है। इसी दिशा में कार्य करते हुए हाल में ही केंद्र सरकार ने 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में पिरोया है। यह श्रमिकों के लिए बेहतर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है।

संविधान राज्य को यह निर्देश देता है कि वह आर्थिक असमानताओं को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। इस उद्देश्य की पूर्ति तभी संभव है, जब समाज के हर वर्ग को शिक्षा और रोजगार के समान अवसर उपलब्ध हों। पिछले वर्षों में लिए गए कई



महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों के चलते आज अवसरों की यह समानता हर स्तर पर बढ़ी है।

इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण स्टार्टअप इंडिया पहल है, जिसके हाल ही में दस वर्ष पूरे हुए हैं। इसके अंतर्गत प्रदान किये जाने वाले नीतिगत सहयोग, आर्थिक मदद, और मेंटरशिप के माध्यम से, आज किसी भी व्यक्ति के लिए एक उद्योग शुरू करना बहुत आसान हुआ है। दिसंबर 2025 तक देश में दो लाख से अधिक DPIIT-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की स्थापना, इस बात का प्रमाण है कि समान अवसरों की नीति किस तरह समावेशी आर्थिक विकास को गति दे सकती है। इस पूरे क्रम में सबसे अधिक प्रेरक बात यह है कि इन स्टार्ट-अप्स को शुरू करने वालों में बड़ी संख्या में पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं।

विश्व बैंक के स्प्रिंग 2025 पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ के अनुसार, भारत ने पिछले दशक में 17.1 करोड़ लोगों को 'अत्यधिक गरीबी' (E×treme Poverty) से भी बाहर निकाला है। सामाजिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को भी आरक्षण का लाभ दिया गया है। केंद्र सरकार ने समावेशी विकास के साथ-साथ लोगों के लिए गरिमापूर्ण जीवन और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने पर भी निरंतर ध्यान केंद्रित किया है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 और मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 जैसे कानूनों के माध्यम से सामाजिक न्याय को और भी मजबूती मिली है।

गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की इसी भावना का एक अच्छा उदाहरण स्वच्छ भारत मिशन भी है। इस मिशन का नेतृत्व लोग स्वयं कर रहे हैं। और उन्होंने इसे जनांदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। यह केवल स्वच्छता तक सीमित पहल नहीं थी, बल्कि उन करोड़ों लोगों की गरिमा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास था, जो दशकों तक खुले में शौच करने को मजबूर थे। जनकल्याण की यही भावना 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' और 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' जैसी पहलों में भी साफदिखती है। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' कठिन समय में लाखों भारतीय परिवारों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है। इस योजना की 53 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएँ हैं और 72 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी ग्रामीण भारत से आते हैं। यह सामाजिक सुरक्षा के समावेशी होने का प्रमाण है।

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान किया था, तो वह केवल अर्थव्यवस्था के स्तर तक ही सीमित नहीं था, बल्कि नागरिकों के अंदर आत्म निर्भरता की भावना बढ़ाने का भी प्रयास था। इसलिए मुद्रा योजना और स्किल इंडिया मिशन जैसी पहलों के माध्यम से नागरिकों को स्वावलंबी और उद्यमशील बनाने पर बल दिया गया है। इन योजनाओं के केंद्र में आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है जो आत्मनिर्भर भारत का आधार भी बन रहे है।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट गैर-जरूरी विवाद से घिरा

2026 में भारत वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला है। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का भी दावेदार है। इस बीच विदेशी खिलाड़ियों की शिकायतों से भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यावरण प्रबंधन क्षमता को लेकर खराब छवि बन सकती है।

भारत की मेजबानी व्यवस्था पर डेनमार्क के खिलाड़ियों के गंभीर सवाल उठाने से इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट गैर-जरूरी विवाद से घिर गया है। भारतीय जनमत के एक हिस्से ने आलोचनाओं को सहज स्वीकार नहीं किया है। बल्कि किंडबी श्रीकांत जैसे बड़े खिलाड़ी जवाब देने के अंदाज मे यह बताने की हद तक चले गए हैं कि डेनमार्क में व्यवस्था भारत से कहीं खराब रहती है। बहरहाल, ऐसे जवाबों से मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होगा। नजरिया सुधार का नहीं रहा, तो उसका असर भविष्य में भारत की खेल मेजबानियों पर पड़ सकता है। विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी और चार बार के वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता एंडर्स एंटोनसन नई दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण लगातार तीसरे साल टूर्नामेंट में भाग लेने नहीं आए।

विवाद हुआ, तो दिल्ली के एक्यूआई डेटा का स्क्रीन शॉट सोशल मीडिया पर डालते हुए कहा कि यह बैडमिंटन खेलने के लिए उपयुक्त नहीं है। टूर्नामेंट में ना आने के कारण बैंटमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने उन पर 5000 डॉलर का जुर्माना लगाया है। बहरहाल, टूर्नामेंट में आई डेनमार्क की ही खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने प्रशिक्षण स्थल जाधव इंडोर स्टेडियम और प्रतियोगिता स्थल इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में गंदगी और धूल की शिकायत की। कहा कि यह खेल योग्य स्वस्थ माहौल नहीं है। इसी विवाद के बीच इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेल के दौरान बंदर के घुस आने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं।

2026 में भारत वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला है। उसके पहले अंतरराष्ट्रीय ख्याति के खिलाड़ियों की इस तरह की शिकायतें दुर्भाग्यपूर्ण हैं। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी गंभीर दावेदार है। इस बीच विदेशी खिलाड़ियों की शिकायतें भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यावरण प्रबंधन क्षमता को लेकर नकारात्मक छवि बना सकती हैं।

उससे भारत के खुद को स्पोर्ट्स हब के रूप में पेश करने के प्रयासों पर खराब असर हो सकता है। इसलिए भारत को इन शिकायतों को चेतावनी के रूप में लेना चाहिए। स्टेडियम में स्वच्छता, बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, और खिलाड़ियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने को मिशन की तरह लिया जाना चाहिए।

**ITR फाइल 500/-**

Whatsapp पर बनवाएँ

Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस

हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।

www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



# श्रीकंचनपथ

भिलाई–दुर्ग



प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110






## प्रमुख खबरें

### उरला में मजदूर कार्ड बनाने के लिए शिविर 28 को

**दुर्ग।** उरला के बीडी कालोनी में 28 जनवरी को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक एकदिवसीय मजदूर कार्ड निर्माण और नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और अन्य नागरिकों के आधारकार्ड निर्माण व संशोधन शिविर, पोस्ट आफिस के खातों खुलवाने का कार्य हो पाएगा।

### केबल बिछाने वालों ने फोड़ी निगम की पाइप लाइन

**दुर्ग।** निगम प्रशासन ने शुक्रवार को एक निजी टेलीकॉम कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की। कंपनी बिना पूर्व जानकारी दिए केबल बिछाने का काम कर रही थी। इसी दौरान निगम की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम अमले ने काम तत्काल बंद करवाते हुए मौके से केबल जब्त कर लिया।

### सोसाइटी में नाबालिग को बनाया पदाधिकारी

**दुर्ग।** वाणी एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी में एक नाबालिग को पदाधिकारी एवं एक मृत महिला को सदस्य बनाने की शिकायत की गई है। एसपी को दी गई शिकायत के मुताबिक सोसायटी में 17 साल की किशोरी को उपाध्यक्ष बना दिया गया। इसके अलावा मृत महिला को भी सोसायटी का सदस्य बना दिया गया। सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर कर संस्था चलाई जा रही है।

### गोपालपुर में 27 से श्रीमद भागवत कथा

**उपरवाह।** गोपालपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 27 जनवरी से 4 फरवरी तक किया गया है। कथा प्रति दिन दोपहर एक बजे से प्रारंभ होगी। लीला मंच में आयोजित इस महापुराण ज्ञान यज्ञ में कथावाचक पं. वासुदेव प्रसाद तिवारी कौंद केरा (राजिम) गरियाबंद होंगे। कार्यक्रम 27 जनवरी को कलश शोभा यात्रा, गौकरण पूजा, भागवत स्थापना, बेदी पूजा, 28 को कथा आरंभ होगी।

### अपने धर्म को जानने भागवत गीता, रामायण पढ़ें : शास्त्री

**उपरवाह।** ग्राम हरडुवा में डॉ. रोहितलाल वर्मा व परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के व्यासपीठ से आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज (कोविद्) ने शनिवार को श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते–करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्रीकृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 कोटि देवी देवताओं की सेवा हो जाती है।

## कठपुतली के माध्यम से आमजनों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

श्रीकंचनपथ समाचार

**दुर्ग।** शहर के राजेन्द्र पार्क चौक, ग्रीन चौक एवं सिविक सेंटर भिलाई में आयोजन हुआ। यातायात नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को गुलाब भेंट कर किया गया सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 के अंतर्गत दुर्ग पुलिस द्वारा लगातार आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में 24 जनवरी को दुर्ग पुलिस द्वारा एक अभिनव एवं प्रभावी पहल के तहत कठपुतली कला के माध्यम से आमजनों को यातायात नियमों के महत्व, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा के पालन एवं सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में जागरूक किया गया।




उक्त जागरूकता कार्यक्रम दुर्ग के राजेन्द्र पार्क चौक, ग्रीन चौक तथा भिलाई नगर के सिविक सेंटर में आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में नागरिकों ने कार्यक्रम को देखा और सराहा।

कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे आमजन में सकारात्मक संदेश गया एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिला। दुर्ग पुलिस द्वारा भविष्य में भी सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे ही जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाकर जान माल की सुरक्षा करना है।

## रन फॉर सेल संपन्न : बेस्ट टाइमिंग के साथ आलोक कुमार और अवि मिश्रा बने विजेता

श्रीकंचनपथ समाचार

**भिलाई।** स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड–सेल के स्थापना दिवस (24 जनवरी) को सेल की सभी इकाइयों में भव्य रूप से मनाया जाता है। 24 जनवरी 2026 को जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन प्रात: 8:00 बजे से किया गया, जो जयंती स्टेडियम से प्रारम्भ होकर टीए बिल्डिंग, पोस्ट ऑफिस, मिराज सिनेमा, भिलाई निवास, चोपड़ा पेट्रोल पम्प होते हुए वापस जयंती स्टेडियम में समाप्त हुआ। इस दौड़ में भाग लेने हेतु लगभग 3000 की संख्या में प्रतिभागी उपस्थित हुए थे। प्रतियोगिता में सेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा सेल द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं ने भाग लिया था।

रन फॉर सेल के प्रतिभागियों को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेल की झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएँ) प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान), सीएमएलओ कमल भास्कर एवं कार्यपालक निदेशक (रावघाट), सीएमएलओ अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधकगण संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र सहित कार्यपालक निदेशकों द्वारा इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। दौड़ के पहले उप महाप्रबंधक (क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) राजेंद्र प्रसाद ने स्वस्थ जीवनशैली हेतु सभी को शपथ दिलाई।

इस प्रतियोगिता हेतु, सेल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा तय मापदंड के आधार पर श्रेणियां निर्धारित की गई थी। महिला एवं पुरुष वर्ग के श्रेणी अ में कक्षा छठवीं तक के बच्चे, श्रेणी ब में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के बच्चे, श्रेणी स में बारहवीं से ऊपर 45 वर्ष तक के, श्रेणी द में 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा श्रेणी उ में भूतपूर्व कर्मचारियों (सेवानिवृत्त) ने भाग लिया। संचालन सुप्रियो सेन द्वारा किया गया।

### विजेताओं को मिलेगा कैश प्राइज

इस प्रतियोगिता में आलोक कुमार ने बेस्ट क्लॉकिंग टाइम (टाइमिंग–15 मिनट 32.00 सेकण्ड) दर्ज करते हुए पुरुष समूह में ओवरआल विजेता का खिताब प्राप्त किया एवं श्रीमती प्रगति प्रसाद ने बेस्ट क्लॉकिंग टाइम (टाइमिंग–20 मिनट 54.99 सेकण्ड) दर्ज करते हुए महिला समूह से ओवरआल विजेता का खिताब प्राप्त किया। गौरतलब है कि सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ टाइमिंग के लिए एक धावक और धाविका को 5000 रूपये नगद पुरस्कार तथा सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ टाइमिंग के लिए 6वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्रा को 3000 रूपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

## सेल स्थापना दिवस : भिलाई स्टील हाफ मैराथन का पोस्टर किया जारी

### 21, 10 एवं 5 किलोमीटर की होगी दौड़



श्रीकंचनपथ समाचार

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित की जाने वाली भिलाई स्टील हाफ मैराथन 2026 के आधिकारिक पोस्टर को संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेल के स्थापना दिवस, 24 जनवरी के अवसर पर जयन्ती स्टेडियम में आयोजित 'रन फॉर सेल' कार्यक्रम के दौरान जारी किया।

संयंत्र द्वारा खेल, स्वास्थ्य एवं सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में रविवार, 8 फरवरी 2026 को भिलाई स्टील हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्टील सिटी भिलाई के लिए एक गौरवपूर्ण अवसर होने के साथ–साथ देशभर के धावकों एवं फिटनेस प्रेमियों के लिए एक प्रेरणादायी मंच प्रदान करेगा।

हाफ मैराथन में तीन प्रतिस्पर्धात्मक श्रेणियां— 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर एवं 5 किलोमीटर निर्धारित की गई हैं। 21 किलोमीटर ओपन श्रेणी में पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए दो आयु वर्ग 18 से 45 वर्ष तथा 46 वर्ष से अधिक रखा गया है। वहीं 10 किलोमीटर एवं 5 किलोमीटर की श्रेणियाँ छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों के लिए निर्धारित की गई हैं, जिनमें पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के आयु वर्ग 18 से 45 वर्ष तथा 46 वर्ष से अधिक – दो वर्ग हैं।

खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 21 किमी, 10 किमी एवं 5 किमी की सभी श्रेणियों में पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए पृथक–पृथक आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## नगरीय निकायों के लिए तैयार हो रहा नया सेट-अप

श्रीकंचनपथ समाचार

- मुख्यमंत्री ने दिया महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी का आदेश
- नगरीय प्रशासन मंत्री को दिया गया है विस्तृत मांग पत्र
- नए सेट-अप से संभव होगी कर्मचारियों की पदोन्नति
- आश्वासन के बाद चरणबद्ध आंदोलन को स्थगित किया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साहू ने स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल से भेंट में कहा कि मुख्यमंत्री ने महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का आदेश किया है, नगरीय निकाय में नवीन सेट–अप तैयार किया जा रहा है। महासंघ के अन्य मांगों पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

महासंघ के महामंत्री अनिल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरुण साव से उनके निवास कार्यालय में भेंट कर प्रदेश के निकायों में व्याप्त कर्मचारी समस्याओं के सौंपे गये मांग पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

मंत्री श्री साव ने प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौंपे गये मांग पत्र के एक–एक बिंदु पर चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ते की घोषणा किया जा चुका है और इसका आदेश भी जारी कर दिया गया है।

नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी के पदोन्नति के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नवीन सेटअप तैयार किया जा रहा है जिसका कार्य अंतिम चरण में है, निकाय के शेष दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का नियमितीकरण किए जाने पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए सभी निकायों से जानकारी मंगाया गया है उन्होंने कहा कि इस पर नीतिगत निर्णय होना है इसलिए समय लगना स्वाभाविक है। मंत्री ने महासंघ के अन्य मांगों पर कंडिकावार चर्चा कर आने वाले दिनों में समुचित निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया है।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री संजय मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे महामंत्री अनिल सिंह उपाध्यक्ष रामवृक्ष यादव गोपाल सिंह मंत्री विवेक रंगनाथ, ईश्वर वर्मा, विजेन्द्र परिहार, वनीष दुबे, शशिकांत यादव विरेन्द्र देशमुख ने महंगाई भत्ता प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए मंत्री जी के आश्वासन से अन्य मांगों पर मिले ठोस आश्वासन के आधार पर महासंघ द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

## दुर्ग साइंस कॉलेज में वार्षिक खेलकूद का आयोजन, पुरुष एवं महिला प्राध्यापकों के बीच हुई रस्साकशी

श्रीकंचनपथ समाचार

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह परिहार ने किया।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह एवं क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप एवं समस्त, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबी कुद, उंची कूद एवं महिला प्राध्यापकों एवं पुरूष प्राध्यापकों की रस्सा कसी का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेंडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वोगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।





### रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाई यूनियन का वार्षिक अधिवेशन

## बीमा में एफडीआई एवं अन्य सुधारों का विरोध

श्रीकंचनपथ समाचार

**भिलाई।** रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन का 54वाँ वार्षिक अधिवेशन 24 एवं 25 जनवरी को इस्पात नगरी भिलाई में आयोजित किया जा रहा है। इसमें रायपुर मंडल के सैकड़ों बीमाकर्मी शामिल होंगे। अधिवेशन की मेजबानी आरडीआईईयू की शाखा इकाई भिलाई–1 द्वारा की जा रही है।



संगठन के महासचिव सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मराज महापात्र करेंगे। ईसीजेड. आईईए के महासचिव त्रिनाथ डोरा, बीडीआईईए के महासचिव राजेश शर्मा एवं क्षेत्रीय महिला समिति की संयोजिका ज्योति पाटिल विशिष्ट अतिथि होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विधि विशेषज्ञ कनक तिवारी भी इस अधिवेशन को संबोधित करेंगे।

अधिवेशन में नई भर्ती प्रारंभ करने, बीमा संशोधन विधेयक–2025 वापस लेने, एलआईसी का आईपीओ रद्द करने, श्रम संहिताओं को थोपे जाने की खिलाफत, बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 100 प्रतिशत किए जाने के खिलाफ, केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, आसमान छूती महंगाई एवं सांप्रदायिकता के खिलाफ आयोजित इस रैली में बीमाकर्मियों सहित भिलाई के श्रम संगठनों के साथीगण बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

इस अधिवेशन में देश के श्रमिकों पर थोपी जा रही श्रम संहिताओं, निजीकरण, बेरोजगारी, नई भर्ती एवं मेहनतकश आंदोलन के समक्ष उपस्थित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। विशेष रूप से बीमा संशोधन विधेयक पारित होने के पश्चात राष्ट्रीयकृत बीमा उद्योग के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## हेरिटेज इंटरनेशनल में बसंत पंचमी भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ



**भिलाई।** आध्यात्मिक वातावरण, पारंपरिक विधियों तथा विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। पूजा एवं उससे संबंधित सभी धार्मिक क्रियाएँ निदेशक बृजमोहन उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्र, अकादमिक कोऑर्डिनेटर वेद प्रकाश बाजपेई एवं अकादमिक कोऑर्डिनेटर हरविंदर कौर संधू द्वारा की गईं।

संचालन पूजा मजूमदार ने किया। इस अवसर पर ज्ञान, बुद्धि एवं विद्या की देवी माँ सरस्वती के महत्व को रेखांकित किया गया तथा सांस्कृतिक मूल्यों के साथ–साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया गया। इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, परंपराओं के प्रति सम्मान तथा आपसी एकता की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


Since 1972
CROWN-TV®
Choice Of Millions
Washing Machine / Cooler
Available All Size



CONTACT :
Atlas Radio Traders (Crown)
Sect.-3, D-48, Ward No. 22
Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492009
Near Akash Gas Agency Line

## खास खबर

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दी बधाई

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस भारत के प्रजातांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत अपने सशक्त लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली के लिए विश्वभर में जाना जाता है। लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि मताधिकार केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में नागरिकों का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं और प्रत्येक चुनाव में मतदान कर भारत की लोकतांत्रिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ बनाएं। श्री साय ने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में प्रत्येक मत की अपनी विशेष महत्ता होती है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने बहुमूल्य मताधिकार का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी, जागरूकता और निर्भीकता के साथ करना चाहिए, ताकि एक सशक्त, समावेशी और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण में सहभागी बना जा सके।

### जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर बना आमजनों के लिए भरोसे का माध्यम

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर कलेक्टोरेट स्थित जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर आमजन के लिए एक भरोसेमंद माध्यम के रूप में उभरकर सामने आया है। रायपुर निवासी सुश्री रीतिका नेताम ने बताया कि उन्होंने नया रायपुर स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी में कॉलेज की पढ़ाई के लिए एडमिशन लिया था, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से उन्हें एडमिशन निरस्त कराना पड़ा। इसके बावजूद यूनिवर्सिटी द्वारा एडमिशन फीस वापस नहीं की जा रही थी, जिससे वे परेशान थीं। समस्या से व्यथित होकर नेताम ने जिला जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और शीघ्र ही उन्हें एडमिशन फीस वापस मिल गई। समस्या के समाधान से नेताम ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कॉल सेंटर की पहल से उन्हें परेशानी से राहत मिली। समस्या के शीघ्र समाधान पर रीतिका नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां से बच्चों के चेहरे पर बिखर रही मुस्कान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना एवं न्योता भोज के अंतर्गत संचालित अभिनव पहल प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां के माध्यम से शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए नन्हें बच्चों के साथ खुशियां साझा कर रहे हैं। इसी क्रम में जल संसाधन विभाग डिवीजन-एक में पदस्थ फील्ड असिस्टेंट नीरज साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर धरसीवां विकासखंड अंतर्गत अपने ग्राम कुरां स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ विशेष समय बिताया। इस अवसर पर श्री साहू ने बच्चों के साथ केक काटा तथा उन्हें फल एवं मिठाइयों का वितरण किया।

# कोरबा के टीपी नगर गुरुद्वारा में 40 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** कोरबा के टी.पी.नगर स्थित गुरूद्वारा में 40 लाख रूपये की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे, आज प्रदेश के वाणिज्य उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में इन विकास कार्यो का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर उद्योग मंत्री देवांगन ने निर्माण एजेंसी को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य संपादित करने एवं कार्य में अपेक्षित गति लाते हुए समयसीमा में कार्य को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

कोरबा के टी.पी.नगर स्थित गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा परिसर में सी.एस.आर. मद से 40 लाख रूपये की लागत से पेवर ब्लाक लगाया जाना व अन्य विकास कार्य कराया जाना है, आज इन विकास कार्यो का भूमिपूजन उद्योग मंत्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की बहुप्रतीक्षित मांग थी जो गुरूजी की कृपा से आज पूरी हुई है, उन्होने कहा कि समाज के सदस्यों ने विकास कार्य हेतु साढ़े 38 लाख रूपये का व्यय बताया था किन्तु सी.एस.आर. मद से इस कार्य हेतु 40 लाख रूपये की स्वीकृति दिलवाई गई हैं ताकि कार्य में धनराशि की कमी न हों। उन्होने आगे कहा कि कोरबा के सभी समाज के लोगों का आशीर्वाद मुझे सदैव मिलता रहा है, मैं आभारी हूँ कोरबा क्षेत्र के अपने सम्माननीय नागरिक बंधुओं का जिन्होने मुझे अपनी सेवा का अवसर प्रदान किया है। उन्होने आगे कहा कि हमारा सिख समाज त्याग, वीरता व बलिदान के लिए हमेशा से जाना जाता रहा है, मैं आभारी हूँ कि समाज ने मुझे भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया है।

मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि यहाँ पर स्थित लंगर हाल जीर्णोद्धार कराए जाने की घोषणा महापौर संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई है।

# समृद्धि की ओर तेजी से बढ़ रहा है छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री साय

## जशपुर जिले को 51.73 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ तेजी से समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। नक्सलवाद, जो कभी छत्तीसगढ़ के लिए गंभीर चुनौती था, अब तेजी से समाप्ति की ओर अग्रसर है। प्रदेश के हर क्षेत्र में अब तेजी से विकास कार्य किए जा रह है। श्री साय जशपुर जिले के कोतबा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में लगभग 51.73 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने कोतबा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भवन, तहसील लिंक कोर्ट की स्थापना, रेस्ट हाउस निर्माण, इंडोर स्टेडियम का निर्माण, कोतबा जल आवर्धन योजना हेतु आवश्यक अतिरिक्त राशि, कोकियाखार में सामुदायिक भवन निर्माण तथा बागबहार में सप्ताह में एक दिन एसडीएम (लिंक कोर्ट) लगाने की घोषणा की।

उन्होंने आज जिन कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया उनमें मुख्य रूप से 4.37 करोड़ रूपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के कार्य का भूमिपूजन और 9.85 करोड़ रूपए से निर्मित जल आवर्धन योजना और प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटी पूरी कर दी गई है। लोगों को इसका सीधा फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के सिंचाई परियोजनाओं के मरम्मत एवं विकास के लिए लगभग 3 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 750 सड़कों को मंजूरी मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने छत्तीसगढ़ की अग्रणी भूमिका रहेगी। वर्ष 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य की श्रेणी में लाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है। नई औद्योगिक नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, छत्तीसगढ़ को अब तक 7.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। जिन पर तेजी से काम हो रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 36वीं सब जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के तहत जिले में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, विधायक गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, माटीकला बोर्ड अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा, पूर्व विधायक श्री भरत साय, सहित अनेक जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।




## बालिकाएं स्वास्थ्य पर ध्यान दें और एनीमिया से मुक्त रहें : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंद में राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 के बारे में बच्चों को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया और समझाया गया।

इस अधिनियम अंतर्गत किसी महिला को गर्भ के बच्चे की लिंग परीक्षण के बाध्य नहीं किया जा सकता, लेकिन गर्भ में पल रहे शिशुओं की सोनोग्राफी करना है जिसका उद्देश्य शिशु में किसी प्रकार विकलांगता, विकास को पता करना होता इसके लिए सोनोग्राफी सेंटर रजिस्टर्ड होता है योग्य व अधिकृत चिकित्सक ही ये सोनोग्राफी करता है जिस गर्भवती महिला की सोनोग्राफी करना है, उसकी जानकारी रखना होता है। सोनोग्राफी सेंटर में यहां लिंग परीक्षण नहीं होता का बोर्ड भी लगाना होता है। उल्लंघन होने की दशा में सजा का प्रावधान दिया है। इस अधिनियम में देश में लिंगानुपात की औसत गिर जाने के कारण ही इस अधिनियम को लाया गया क्योंकि देश के कई राज्यों में 1000 के बालक की संख्या में बालिकाओं की संख्या बहुत कम हो गया था।

इस अधिनियम के आने से ही लिंगानुपात में सुधार हुआ है, लेकिन इसकी कड़ी निगरानी की जाती है। राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत 24 जनवरी 2008 को हुई है। इसका उद्देश्य बालिकाओं को बचाना, पढ़ाना और समाज में सम्मान दिलाना, बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं संपूर्ण विकास करना होता है तथा लिंगानुपात में सुधार करना है। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगर हमारे बालिका स्वस्थ रहेंगे तब ही बालिका का सही विकास हो सकेगा। इसके लिए उनका पोषण आहार अच्छा हो। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हो, हीमोग्लोबिन की जांच कराए।

## अयोध्या दर्शन कर लौटे तीर्थ यात्रियों का उपमुख्यमंत्री कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अयोध्या धाम से श्रीरामलला के पावन दर्शन कर वापस लौटे तीर्थ यात्रियों का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कवर्धा स्थित कार्यालय में जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु तीर्थ यात्रियों को श्रीफल, पुष्पमाला एवं वस्त्र भेंट किए गए।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के निर्देशानुसार अयोध्या धाम से लौटने वाले प्रत्येक तीर्थ यात्री दल का सम्मानपूर्वक स्वागत किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य है कि तीर्थ यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं को सम्मान, आत्मीयता और सहयोग की अनुभूति हो तथा वे अपने धार्मिक अनुभव को सुखद स्मृतियों के साथ साझा कर सकें। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सिख गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष गुरुमुख सिंह अरोरा, नितेश अग्रवाल, जनपद पंचायत कवर्धा अध्यक्ष प्रतिनिधि गनपत बघेल, नरेन्द्र मानिकपुरी, सतविंदर पाहुजा तथा वेदकुमारी सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान तीर्थ यात्रियों ने अयोध्या धाम में श्रीरामलला के दर्शन के अपने भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि दर्शन यात्रा उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव रही और शासन-प्रशासन द्वारा किए गए।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना करें सुनिश्चित : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने मोहला के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित करने तथा प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मांडवी, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। जिला पंचायत विभाग की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत, प्रगतिरत एवं लंबित कार्यों की जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जिले में लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरणों पर जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को हितग्राहियों को प्रेरित कर आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर उनके उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में उपलब्ध स्थानीय वनोपज की जानकारी लेते हुए उनके खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा, जिससे स्थानीय संसाधनों का वैल्यू एडिशन कर रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें। उन्होंने सीएलएफ मुख्यालय में महतारी सदन की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजने, बैठकों को अधिक उपयोगी बनाने तथा भावी रोजगारमुखी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

सीईओ जिला पंचायत ने जानकारी दी कि स्थानीय स्तर पर राजमिस्त्रियों की कमी को दूर करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्व-सहायता समूहों, मछली पालन समूहों एवं मोर गांव मोर पानी अभियान की भी जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने पंचायतों में पंजी संधारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्लड सैंपल संग्रहण, आयुष्मान कार्ड से उपचार, रेडक्रॉस गतिविधियां, सीएचसी ओपीडी, दिव्यांग प्रमाण पत्र, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत, डायलिसिस सेवा सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

# उद्योग मंत्री देवांगन ने 47.5 करोड़ रूपये के विकास कार्यो को प्रारंभ कराया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सड़क निर्माण, कालेज व स्कूल भवन निर्माण आदि से जुड़े साढ़े 47 करोड़ रूपये के महत्वपूर्ण विकास कार्यो को नारियल तोड़कर प्रारंभ कराया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कर समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को दिए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।




उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा नारियल तोड़कर आज जिन विकास कार्यो को प्रारंभ कराया गया, उनमें 29 करोड़ 80 लाख रूपये की लागत से झगरहा कोरकोमा पसरखेद चचिया मार्ग निर्माण, 07 करोड़ 22 लाख रूपये की लागत से सक्ती से कोरबा मार्ग के बीच 3.40 किलोमीटर मार्ग का उन्नयन कार्य, 01 करोड़ 87 लाख रूपये की लागत से रिंग रोड मुख्य मार्ग से डिंगापुर पहुंच मार्ग का निर्माण, 01 करोड़ 58 लाख रूपये की लागत से मुड़ापार से दादर भालुसटका होते हुए रिसदी बायपास तक 2 लेन निर्माण कार्य, 04 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत से शासकीय नवीन महाविद्यालय रामपुर जिला कोरबा का भवन निर्माण कार्य, 01 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से पी.डब्ल्यू.डी. रामपुर के हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य तथा 01 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर का भवन निर्माण कार्य आदि कार्य शामिल हैं। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के करकमलों से इन महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन सम्पन्न कराया गया था। उन्होने कहा कि डॉ.रमन सिंह जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने, तो विकास के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ था, अपने 15 वर्षो के कार्यकाल में उन्होने विकास के सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक रूप से कार्य किया तथा राज्य के विकास पुरूष की छबि बनाई। उन्होने कहा कि आगे कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लगातार आशीर्वाद प्रदेश के विकास को मिल रहा है, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव का लगातार सहयोग, मार्गदर्शन कोरबा के विकास के लिए प्राप्त हो रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ कोरबा का भी सर्वांगीण विकास हो रहा है। केवल जिला खनिज न्यास मद से ही कोरबा जिले के 04 विधानसभा क्षेत्रों में 3000 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

### बिना भेदभाव सभी वार्डो में विकास, हमारा लक्ष्य

महापौर संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केवल जनता जनार्दन की इच्छा व मांग के अनुरूप निगम के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य हों, यह हमारा प्रमुख लक्ष्य है तथा इस दिशा में तेजी के साथ कार्य हो रहा है। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने महापौर कार्यकाल में कोरबा के विकास पुरूष की छबि बनाई थी, उनके द्वारा किए कार्यो को तथा उनके कार्यकाल को हम सब आज भी याद करते हैं, विकास कार्यो हेतु उनके द्वारा लगातार फण्ड की व्यवस्था कराई जा रही है।

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में

JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

GST NO. 22AHMPB9621P1Z2
PH.: 0788-4060131

अनुप ट्रेडर्स
आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
लिंक रोड, कैम्प 2, पावर हाउस, भिलाई
मो. 09826389666, 8839749539



# प्रियंका चोपड़ा की द ब्लफ का ट्रेलर जारी, परिवार के खातिर समुद्र डाकू बनीं अभिनेत्री

**प्रियंका चोपड़ा जोनस की नई अंतरराष्ट्रीय फिल्म द ब्लफ का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में प्रियंका, कार्ल अर्बन के साथ जबरदस्त एक्शन करती नजर आईं। ट्रेलर में पहली बार उनके किरदार एर्सेल ब्लडी मैरी बॉडेन की झलक दिखाई गई है।**

द ब्लफ के ट्रेलर में प्रियंका एक खूंखार महिला समुद्री डाकू (पाइरेट क्वीन) के रूप में नजर आ रही हैं। उनके शरीर पर जख्म के निशान हैं, खून से सनी लड़ाइयां हैं, और बहुत शानदार एक्शन सीन हैं। वो समुद्र में हिंसक झड़पों में हिस्सा लेती हैं और आमने-सामने की लड़ाई करती हैं। प्रियंका का यह एक्शन अवतार उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।

द ब्लफ की कहानी पुरानी पाइरेट फिल्मों से अलग है। इसमें जिंदगी बचाने की जंग, सत्ता की लड़ाई और बहुत तगड़ा संघर्ष दिखाया गया है। एर्सेल अपना नया जीवन बचाने की कोशिश करती है, लेकिन उसका पुराना अतीत वापस आ जाता है। पुराना दल लौट आता है, तो उसे वफादारी और जिंदा रहने की मुश्किलों से जूझना पड़ता है। उसे फिर से पुराने हिंसक तरीकों का सहारा लेना पड़ता है।

द ब्लफ के निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, इसका अंत खून से सनी रेत के साथ ही होगा। द ब्लफ 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर आ रही है। फिल्म में एक्शन, ड्रामा और थोड़ा डार्क ह्यूमर का मिश्रण है। यह एक दमदार और क्रूर समुद्री डाकू थ्रिलर है, जो 25 फरवरी को सिर्फ प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

## एआर रहमान की धुन पर थिरकेंगी मृणाल ठाकुर, पेड्डी में साल का सबसे बड़ा डांस नंबर

सुपरस्टार राम चरण की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म पेड्डी को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है और ये जुड़ा है सीता रामम स्टार मृणाल ठाकुर से। चर्चा है कि फिल्म के एक खास और बेहद धमाकेदार गाने के लिए निर्माताओं ने मृणाल से संपर्क किया है। इससे भी रोमांचक बात ये है कि मृणाल को इस गाने के जरिए ऑस्कर विजेता और दिग्गज संगीतकार एआर रहमान की धुन पर थिरकने का एक सुनहरा मौका मिलने जा रहा है।



ओटीटी प्ले को फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि फिल्म के स्पेशल डांस नंबर के लिए मृणाल से संपर्क किया गया है। मृणाल और राम चरण का पहली बार साथ आना न केवल फिल्म को प्रभावशाली बनाएगा, बल्कि ये दर्शकों के लिए एक बड़ा सरप्राइज भी साबित होगा। राम चरण के जबरदस्त डांस, मृणाल की अदाओं का कमाल और एआर रहमान के संगीत एक साथ मिलकर बड़े पर्दे पर इस गाने को बेहद यादगार बना देगा।

पेड्डी में पहली बार राम चरण और जाह्नवी कपूर साथ नजर आएंगे। दोनों की जोड़ी और केमिस्ट्री देखने का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर के साथ देवरा के बाद जाह्नवी के लिए ये साउथ का दूसरा सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। अब फिल्म से मृणाल भी जुड़ गई हैं तो इसे लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया है। बताया जा रहा है कि ये इस साल का सबसे बड़ा डांस नंबर होगा।

बुच्ची बाबू सना के निर्देशन में बन रही पेड्डी की लगभग 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्माताओं ने इसके लिए 27 मार्च, 2026 की तारीख तय की थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से फिल्म के टलने की खबरें सामने आ रही हैं। चर्चा है कि अगर पेड्डी इस तारीख से पीछे हटती है तो उस खाली जगह को भरने के लिए पवन कल्याण की उस्ताद भगत सिंह सबसे आगे है। बहरहाल, पेड्डी की रिलीज पर सस्पेंस बरकरार है।

# सनी देओल की दहाड़ से थर्राई 'धुरंधर'

# पहले ही दिन 'बॉर्डर 2' ने बनाया रिकॉर्ड, कमाए इतने.......

फिल्म 'बॉर्डर 2' बीते शुक्रवार सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने कमाल का प्रदर्शन किया है। पहले ही दिन फिल्म ने 'धुरंधर' का रिकॉर्ड तोड़ डाला है। फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 23 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस वॉर फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म का ट्रेलर काफी पसंद किया गया था और गाने भी काफी ट्रेंड कर रहे थे। अब जब फिल्म थिएटर्स में सज गई है तो पहले दिन दर्शकों ने भी इसे बेशुमार प्यार दिया। 'धुरंधर' की रिलीज के बाद से देखा जा रहा था कि इसके बाद रिलीज हुई कोई फिल्म इसके सामने नहीं टिक पा रही थी। मगर, 'बॉर्डर 2' ने पहले ही दिन 'धुरंधर' का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जानिए पहले दिन 'बॉर्डर 2' ने कैसा प्रदर्शन किया। साथ ही 'धुरंधर' और 'हैप्पी पटेल' का कैसा हाल रहा?




### 'बॉर्डर 2' ओपनिंग डे कलेक्शन

अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर 2' इमोशंस से भरपूर वॉर फिल्म है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं। फिल्म ने पहले दिन शानदार कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक ओपनिंग डे पर 'बॉर्डर 2' ने 30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है

### पहले दिन की कमाई के मामले में इसने 'धुरंधर' को धूल चटा दी है।

05 दिसंबर को रिलीज हुई 'धुरंधर' ने ओपनिंग डे पर 28 करोड़ रुपये कमाए थे। 'बॉर्डर 2' ने बीते वर्ष की टॉप तीन में शामिल 'सैयारा' को भी पीछे छोड़ दिया है, जिसने पहले दिन 21.5 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली थी।

फिल्म 'बॉर्डर 2' का बजट मीडिया रिपोर्ट्स में 275 करोड़ रुपये बताया जा रहा है, इस हिसाब से इसका ओपनिंग डे बॉक्स ऑफिस शानदार है बता दें कि 'बॉर्डर 2' साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है।


### 'बॉर्डर' - 'बॉर्डर 2'

फिल्म 'बॉर्डर' (1997) ने पहले दिन 1.10 करोड़ रुपये कमाए थे। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसका टोटल नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 39.30 करोड़ रुपये था। 'बॉर्डर 2' दूसरे ही दिन 'बॉर्डर' के ऑल टाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ देगी। इस फिल्म को लगातार तीन दिन छुट्टी का फायदा मिलेगा। वीकएंड के बाद सोमवार को 26 जनवरी की छुट्टी का भी यह भरपूर लाभ उठा पाएगी।

### 'धुरंधर' का बॉक्स ऑफिस

फिल्म 'धुरंधर' जब से रिलीज हुई है, तब से बॉक्स ऑफिस पर एकछत्र राज कर रही है। इसने अपने बाद रिलीज होने वाली किसी फिल्म को नहीं टिकने दिया, फिर चाहें वो 'इक्कीस', 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' हो या 'हैप्पी पटेल' व 'राहु केतु'। प्रभास की 'द राजा साब' भी 'धुरंधर' की आंधी में उड़ गई। कल शुक्रवार को 'धुरंधर' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे कर लिए हैं। 'बॉर्डर 2' ने भले ही इसके पहले दिन के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया। मगर, इस फिल्म की रिलीज के बाद भी 'धुरंधर' ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया। शुक्रवार को 50वें दिन 'धुरंधर' ने 55 लाख रुपये कमाए थे। इसका टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 831.05 करोड़ रुपये हो गया है।





## अक्षय नहीं.. यह एक्टर था 'एयरलिफ्ट' की पहली पसंद, निर्माता से कहा - मेरे साथ फिल्म करोगे तो बजट भी नहीं आएगा

फिल्म 'एयरलिफ्ट' को लेकर इसके निर्देशक राजा मेनन ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि इस फिल्म के लिए पहली पसंद कौन थे। अक्षय कुमार की अदाकारी वाली फिल्म 'एयरलिफ्ट' ने हाल ही में रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए हैं। इसके निर्देशक ने फिल्म के बारे में कई बातें बताई हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि इस फिल्म के लिए पहली पसंद अक्षय कुमार नहीं थे। फिल्म के लिए मेकर्स ने पहले इरफान खान से संपर्क किया था। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।

### इरफान ने निर्देशक को दी सलाह

फिल्म के निर्देशक राजा कृष्ण मेनन ने बॉलीवुड हंगामा से बातचीत में बताया 'मैंने पहले जिस अभिनेता से संपर्क किया वह इरफान खान थे।' उन्होंने आगे बताया कि इरफान ने उनसे कहा, 'राजा, यह एक बेहतरीन स्क्रिप्ट है, लेकिन तुम्हारा विजन हॉलीवुड जैसा है। अगर मेरे साथ काम करोगे तो इस फिल्म से तुम्हें पैसे नहीं मिलेंगे।'

### मुश्किल से माने अक्षय कुमार

राजा मेनन ने बताया कि फिल्म के निर्माता निखिल ने भी वही बात कही जो इरफान खान ने कही। राजा मेनन ने आगे बताया 'निखिल ने मुझसे कहा कि मुझे पता है कि आप इरफान के बारे में सोच रहे हैं लेकिन आप अक्षय से मिलिए। इसके बाद वह इस फिल्म के लिए अक्षय कुमार से मिले। 40 मिनट बात करने के बाद अक्षय कुमार ने फिल्म के लिए हां कहा।

# रिपब्लिक डे के मौके पर सलमान के फैंस को मिला तोहफा 'बैटल ऑफगलवां' का पहला गाना 'मातृभूमि' रिलीज

### 'बैटल ऑफ गलवां' का गाना 'मातृभूमि'

इस साल वॉर फिल्म की बहार रहेगी। पहली जनवरी को 'इक्कीस' ने दस्तक दी थी। अब सिनेमाघरों में 'बॉर्डर 2' छाई है, जो कल 23 जनवरी को रिलीज हुई। इस बीच सलमान खान की आगामी फिल्म 'बैटल ऑफगलवां' भी खूब सुर्खियों में है। शनिवार को फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' रिलीज हुआ है।

### देशभक्ति के जोश औज जज्बे से भरपूर है गाना

सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' सेना की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म है। इसमें सलमान खान आर्मी यूनिफॉर्म पहने दिखेंगे। 'मातृभूमि' गाने में उनका यह अंदाज देखा जा सकता है। यह गाना श्रेया घोषाल और अरिजीत सिंह ने गाया है। इसका म्यूजिक हिमेश रेशमिया ने तैयार किया है। समीर अंजान ने इसके लिरिक्स लिखे हैं।

### सलमान के फैंस को मिला तोहफा

'मातृभूमि' गाना मुख्य रूप से सलमान खान और चित्रांगदा सिंह पर फिल्माया गया है। इसमें सेना के जवान की निजी जिंदगी और देश के लिए उसके कर्तव्य दोनों को दिखाया गया है। 'मातृभूमि' सॉन्ग ऐसे वक्त में रिलीज हुआ है, जब दो दिन बाद 26 जनवरी को देश गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाएगा। रिपब्लिक डे पर यह गाना सलमान के फैंस के लिए किसी तोहफे की तरह है। फैंस की इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।

### कब रिलीज होगी सलमान खान की फिल्म?

फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की कहानी भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गलवां घाटी पर हुए संघर्ष पर आधारित है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सलमान खान के अलावा चित्रांगदा सिंह भी नजर आएंगी। उन्हें सलमान खान के अपोजिट साइन किया गया है। फिल्म को अपूर्व लाखिया ने निर्देशित किया है। इस गाने ने फिल्म के प्रति दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है।

**सलमान खान की आगामी फिल्म 'बैटल ऑफगलवां' का पहला गाना 24 जनवरी को रिलीज हो गया है। जोश और जज्बे से भरपूर यह गाना काफी खूबसूरत है।**



# रायपुर साहित्य उत्सव : 'नई पीढ़ी की फिल्मी दुनिया' पर परिचर्चा, सिनेमा और साहित्य के संबंधों पर हुआ विमर्श

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रायपुर साहित्य उत्सव के अंतर्गत श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप में नई पीढ़ी की फिल्मी दुनिया विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में अभिनेता सत्यजीत दुबे, अभिनेत्री टी. जे. भानु, विधायक एवं प्रसिद्ध कलाकार अनुज शर्मा तथा सुविज्ञा दुबे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। परिचर्चा के दौरान अनुज शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा अत्यंत सरल और सहज है, जिसे संवाद के माध्यम से और अधिक सुलभ बनाया जा सकता है।**



उन्होंने कहा कि वर्तमान समय महिलाओं की सशक्त भूमिका का है, जहां सिनेमा और समाज दोनों क्षेत्रों में उनका योगदान निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने फिल्म निर्माण प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिनेमा में निर्देशक की भूमिका प्रमुख होती है, रंगमंच में अभिनेता की प्रधानता होती है, जबकि धारावाहिकों में लेखक की भूमिका निर्णायक होती है।

उन्होंने साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का उदाहरण देते हुए कहा कि किसी रचनाकार की पहचान उसके पहनावे से नहीं, बल्कि उसकी रचनाओं से होती है।

अभिनेता सत्यजीत दुबे ने कहा कि किसी भी फिल्म में भावनात्मक तत्व होना आवश्यक है, तभी वह दशकों तक दर्शकों के मन में जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का साहित्य अत्यंत समृद्ध है और यहां अच्छी कहानियों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता केवल पाठक वर्ग को प्रोत्साहित करने की है कि वे पढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ की लोकजीवन और संस्कृति में असंख्य कथाएं समाहित हैं, जिन्हें सिनेमा के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है। अभिनेत्री सुश्री टी. जे. भानु ने कहा कि डिजिटल माध्यमों, विशेषकर यूट्यूब, ने नए कलाकारों के लिए अवसरों के द्वार खोले हैं। छोटी कहानियां अब विभिन्न मंचों के माध्यम से व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा का सुख केवल गंतव्य तक पहुंचने में नहीं, बल्कि पूरी यात्रा प्रक्रिया में निहित होता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब महिलाएं निर्माता की भूमिका निभाती हैं, तो वे सेट पर कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताओं और भावनाओं का ध्यान रखती हैं। उन्होंने सिनेमा में दृश्यात्मक प्रस्तुति को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

सुश्री सुविज्ञा दुबे ने कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास का विकास घर से ही प्रारंभ होना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करें, जिससे उनमें सृजनात्मकता और आत्मबल विकसित हो सके। परिचर्चा में वक्ताओं ने नई पीढ़ी के सिनेमा, साहित्य और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव पर विचार साझा करते हुए कहा कि सशक्त कहानी, भावनात्मक जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी ही भविष्य के सिनेमा की दिशा तय करेंगे।

## आज की हिंदी कहानियां विषय पर पैनल चर्चा



रायपुर साहित्य महोत्सव के अंतर्गत आज पुरखौती मुक्तांगन, रायपुर स्थित लाला जगदलपुरी मंडप में आज की हिंदी कहानियाँ विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। यह सत्र महोत्सव के दूसरे दिन मंडप में आयोजित दूसरा सत्र था। इस पैनल चर्चा में प्रख्यात साहित्यकार परदेशी राम वर्मा, वरिष्ठ लेखिका जयश्री राय, प्रसिद्ध लेखक सतीश जायसवाल तथा साहित्य विदुषी डॉ. अंशु जोशी ने सहभागिता की। चर्चा के दौरान वक्ताओं ने समकालीन हिंदी कहानी के स्वरूप, विषयगत परिवर्तन, शिल्पगत प्रयोगों तथा समाज के बदलते यथार्थ को अभिव्यक्त करने में साहित्य की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। पैनलिस्टों ने आज की हिंदी कहानी में उभरती सामाजिक चेतना, संवेदनशीलता और नए कथ्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित साहित्यप्रेमियों, विद्यार्थियों एवं पाठकों के साथ संवाद भी हुआ, जिससे कार्यक्रम और अधिक सार्थक एवं विचारोत्तेजक बन सका। रायपुर साहित्य महोत्सव साहित्य, संस्कृति और विचार-विमर्श को बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है, जहाँ विभिन्न विधाओं और भाषाओं के रचनाकारों का समागम हो रहा है।

## स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में हुआ काव्य पाठ



**रायपुर।** साहित्य महोत्सव 2026 के द्वितीय दिवस की संध्या को विनोद कुमार शुक्ल मंडप में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में काव्य पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न शहरों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। देहरादून के ख्यातिलब्ध गीत कवि बुद्धिनाथ मिश्रा ने अटल जी से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक बार दिल्ली के कवि सम्मेलन में अटल जी मुझे सुनने के लिए अंतिम समय तक बैठे रहे। मेरी कविता समाप्त होने पर उन्होंने मंच पर आकर मेरी पीठ थपथपाई और कहा कि तुमने हिंदी की लाज रख ली। श्री मिश्रा ने तुम क्या गए, नखत गीतों के असमय अस्त हुए/ सप्तक ऋषियों में अब तुम भी, अब नए अगस्त हुए और मुक्तकों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कवयित्री सुश्री श्वाति खुशबू ने सरस्वती वंदना के साथ काव्य पाठ का शुभारंभ किया। उनकी मन अयोध्या सा पावन बना लीजिए, सकारात्मक राजनीति से देश धन्य हो जाता है, या मुझको मधुमास दिला दो/ या दे दो वनवास जैसी कविताओं ने खूब तालियां बटोरीं। डॉ. अंशु जोगी ने पलकों के झूले में पलती हैं स्त्रियां जैसी स्त्री विमर्श की रचनाएं पढ़ीं।

## जब हम मिट्टी में मिल रहे हो तो ये मिट्टी भी रोये इस धरती की - रुबिका लियाकत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर साहित्य उत्सव के दूसरे दिन अभिनव नीरव मंडल के प्रथम सत्र में विचारोत्तेजक संवाद और सारगर्भित विमर्श हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आईं वरिष्ठ पत्रकार रुबिका लियाकत एवं छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा के मध्य रोचक परिचर्चा सम्पन्न हुई।



अपने संबोधन में सुश्री लियाकत ने राष्ट्रवाद पर संबोधित कहा कि जब हम मिट्टी में मिल रहे हों, तो यह मिट्टी भी रोए इस धरती की। उन्होंने पत्रकारिता के 18 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए युवाओं को आगाह किया कि सोशल मीडिया पर आए 30 सेकंड के वीडियो पर आँख मूँदकर भरोसा न करें, बल्कि तथ्यों की स्वयं पड़ताल करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे किसी व्यक्ति या विचारधारा के लिए नहीं, बल्कि सत्य और अच्छाई के लिए कार्य करती हैं और उनकी प्रतिबद्धता भारत के प्रति है। इतिहास और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी के दंगों के समय किए गए मानवीय कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा स्वभावतः सेक्युलर है और भारतीयता उसी समझ से विकसित होती है। निजी प्रसंग साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी दादी सनातन परंपराओं का पालन भी करती थीं, पाँच वक्त नमाज़ भी पढ़ती थीं और सबका आदर करती थीं, यह भारत की साझा संस्कृति का उदाहरण है।

विराट हिंदू सम्मेलन से जुड़े अनुभवों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें धर्म पर मन से विचार रखने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं कलमा पढ़ती हैं, उनके तीनों बच्चे कुरान पढ़ते हैं पर वे अपने बच्चों को इस प्रकार तैयार कर रही हैं कि वे वंदे मातरम् और भारत माता की जय कहने में संकोच न करें क्योंकि उनकी पहचान भारतीय होने से है।

व प्रश्नोत्तर सत्र में पत्रकार बनने की आकांक्षा रखने वाली पत्रकारिता की छात्रा के प्रश्न पर उन्होंने परिश्रम, सत्यनिष्ठा और निर्भीकता को सफलता की कुंजी बताया। धर्म और राष्ट्रवाद से जुड़े प्रश्नों पर उन्होंने कहा कि किसी भी ग्रंथ या विचार को गुरु से समझना चाहिए, संदर्भ जानना चाहिए, और किसी की बातों में बहकर निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए क्योंकि एक ही बात के कई अर्थ हो सकते हैं। राष्ट्रवाद के प्रश्न पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं हमेशा भारत और राष्ट्रवाद को चुनूँगी। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने दो पुस्तकों का विमोचन किया, जिसमें जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ के साहित्य पुरोधा एवं पूजा अग्रवाल की काव्य संग्रह 'अम्मा की चाय' शामिल थे।

## रायपुर साहित्य उत्सव में 'जश-प्योर' का जलवाः उत्पादों को मिली शानदार प्रतिक्रिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में आयोजित भव्य साहित्य उत्सव में छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति के साथ-साथ जशपुर जिले का गृह ब्रांड 'जशप्योर' आगंतुकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री के आदिवासी एवं महिला उत्थान के विजन से प्रेरित यह ब्रांड पारंपरिक स्वादों को आधुनिक बाजार से जोड़ते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर रहा है। उत्सव परिसर में लगाए गए जशप्योर के स्टॉल पर दिनभर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। विशेष रूप से महुआ से बने लड्डू, कुकीज़ और कैंडी आगंतुकों के बीच चर्चा का विषय बने रहे। स्टॉल पर आने वाले लोग न केवल उत्पादों के स्वाद और गुणवत्ता की सराहना कर रहे हैं, बल्कि लगाए गए त्क्र



कोड के माध्यम से इनके पोषण मूल्य और निर्माण प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं। रायपुर की स्थानीय निवासी निधि साहू ने स्टॉल का भ्रमण करने के बाद कहा,यह जानकर आश्चर्य हुआ कि महुआ से इतने स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद भी बनाए जा सकते हैं। पारंपरिक ज्ञान का यह आधुनिक उपयोग वास्तव में सराहनीय है।

### महिला सशक्तिकरण की नई पहचान

जशप्योर केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि महिला आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की एक अभिनव पहल है। स्थानीय संसाधनों के कुशल उपयोग से जशपुर की ग्रामीण महिलाएं आज न केवल स्थायी रोजगार प्राप्त कर रही हैं, बल्कि उद्यमिता के क्षेत्र में भी सशक्त रूप से आगे बढ़ रही हैं। रायपुर साहित्य उत्सव में जशप्योर की यह प्रभावशाली उपस्थिति छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, स्वदेशी उत्पादों और महिला सशक्तिकरण की बढ़ती पहचान का सशक्त प्रमाण है।

जशप्योर से जुड़े युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन ने बताया कि महुआ को लेकर लंबे समय से समाज में यह धारणा रही है कि इसका उपयोग केवल शराब निर्माण तक सीमित है, लेकिन जशप्योर इस सोच को बदलने का कार्य कर रहा है।उन्होंने कहा,जशपुर की महिलाएं अब फूड-ग्रेड महुए का उपयोग कर इसे एक पारंपरिक सुपरफूड के रूप में स्थापित कर रही हैं। यह पहल आदिवासी महिलाओं के पारंपरिक ज्ञान को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रही है।

**विविधता और आधुनिकता का संगमः** जशप्योर ब्रांड के अंतर्गत वर्तमान में 90 से अधिक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। महुआ के साथ-साथ ग्लूटेन-फ्री मिलेट्स से बने बिस्किट और लड्डू भी लोगों को खासे पसंद आ रहे हैं। इनमें रागी, कुटकी, कोदो और बकव्हीट जैसे पोषक मिलेट्स से तैयार विविध उत्पाद शामिल हैं।

## 'भारत का बौद्धिक विमर्श' सत्र बना वैचारिक मंथन का केंद्र



**रायपुर।** रायपुर के गौरवशाली आयोजन रायपुर साहित्य उत्सव ने अपनी भव्यता और वैचारिक गंभीरता से प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के साहित्यिक और बौद्धिक जगत में एक सशक्त पहचान बनाई है। उत्सव के विभिन्न सत्रों के बीच 'भारत का बौद्धिक विमर्श' विषय पर आयोजित विशेष सत्र ने सबसे अधिक ध्यान आकर्षित किया, जिसने बुद्धिजीवियों, युवाओं और श्रोताओं को गहन विचार के लिए प्रेरित किया। इस सत्र के मुख्य वक्ता प्रख्यात विचारक एवं लेखक राम माधव रहे। उन्होंने अपने संतुलित और तार्किक वक्तव्य के माध्यम से भारतीय चेतना को आधुनिक संदर्भों में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। श्री राम माधव ने कहा कि किसी भी जीवंत राष्ट्र के लिए उसका बौद्धिक विमर्श उसकी प्राणवायु होता है। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान और वैश्विक राजनीति से जोड़ते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत का चिंतन न केवल मौलिक है, बल्कि तार्किक कसौटी पर भी पूरी तरह खरा उतरता है। राम माधव ने इस भ्रांति को भी सशक्त तर्कों के साथ खंडित किया कि बौद्धिकता केवल पश्चिमी दृष्टिकोण तक सीमित है। उन्होंने कहा कि भारत का स्वतंत्र चिंतन 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना के साथ-साथ आधुनिक यथार्थ को समझने की क्षमता भी रखता है। संवाद के दौरान उनके तर्कों की श्रृंखला ने विद्वानों के साथ-साथ युवाओं और सामान्य श्रोताओं को भी विशेष रूप से प्रभावित किया।

# उपनिषद से एआई तक विषय पर आयोजित परिचर्चा में वक्ताओं ने रखे विचार

### भाषा के मानकीकरण में एआई की भूमिका बड़ी चुनौती : डॉ. व्यास

### प्रश्न जितना गहरा, उत्तर भी उतना ही गहरा होगा : प्रफुल्ल केतकर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नवा रायपुर में आयोजित साहित्य महोत्सव 2026 के दूसरे दिन कवि-कथाकार अनिरुद्ध नीरव मंडप पर साहित्य : उपनिषद से एआई तक विषय पर केंद्रित परिचर्चा आयोजित हुई। इस परिचर्चा में वक्ता के रूप में ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के डायरेक्टर डॉ. ओमप्रकाश व्यास, वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल केतकर, वरिष्ठ लेखक डॉ. गोपाल कमल शामिल हुए।

परिचर्चा के सूत्रधार साहित्यकार संजीव तिवारी रहे, परिचर्चा का यह सत्र कवि जगन्नाथ प्रसाद भानु को समर्पित रहा। इस अवसर पर डॉ. गोपाल कमल द्वारा लिखित पुस्तक, गुणाढ्य की गुणसूत्र कथा का विमोचन किया गया। ट्रिपल आईटी के डायरेक्टर डॉ. ओमप्रकाश व्यास ने




कहा कि एआई का जो रूप आज हम देख रहे हैं, इसके पीछे विगत 30-40 वर्षों की मेहनत है। एआई निरंतर निखरता जा रहा है। तकनीक खुद को परिमार्जित करती जाती है, यह प्रक्रिया सतत है। एआई नेट पर उपलब्ध जानकारी, आंकड़ों और सूचनाओं का विश्लेषण कर हमें डिस्क्रिप्टिव टेक्नोलॉजी के रूप में समझाता है। धीरे-धीरे एआई निखरा और प्रिडिक्टिव टेक्नोलॉजी के रूप में काम करने लगा। आज एआई भविष्य की चीजों को भी बताता है। उन्होंने कहा कि नवंबर 2022 में पहली बार चैट जीपीटी आया। सिर्फतीन साल में एआई का रूप कितना भव्य हुआ है, आप देखिए। हम एआई के भविष्य की अब कल्पना भी नहीं कर सकते। भाषा के मानकीकरण में एआई की क्या भूमिका होगी, यह हम सभी के बीच एक बड़ी चुनौती है। वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रफुल्ल केतकर ने परिचर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि गीता के 18 अध्यायों में सभी तरह के ज्ञान का समावेश है। एआई को लेकर लोग चिंतित हैं कि एआई का फ्यूचर क्या होगा। एआई के आधार पर जापान ने जब रोबोट बनाया तो वह स्वयं को नेगेटिव प्रॉम्प्ट देने लगा। एआई कमांड और प्रॉम्प्ट पर काम करता है। एआई वही बताता है जो नेट पर उपलब्ध है। श्री केतकर ने कहा कि हमारे ऋषि सूचना की नहीं, ज्ञान की बात करते थे। वे एआई से बहुत ज्यादा आगे थे। यदि हम मैकाले की शिक्षा पद्धति की बात करें तो उसने हमें अच्छा उत्तर लिखने वाला बना दिया। प्रश्न जितना गहरा होगा, उत्तर भी उतना ही गहरा होगा। मानव के ज्ञान का उद्देश्य प्रकृति पर विजय पाना नहीं, उसके नियमों को समझकर अपने आपको प्रकृति के अनुरूप ढालना था।

वरिष्ठ लेखक डॉ. गोपाल कमल ने सत्र में अपने संबोधन में कहा कि हमारे साथ में सोचने की परंपरा ऋग्वेद से आती है। हम सभी एआई में डीप लर्निंग की बात करते हैं। भाषा कहां से आती है, वह आकार कैसे लेती है, मनुष्य भाषा तक कैसे पहुंचा, इस पर होने वाले कार्य और अध्ययन को साइकोलिंग्विस्टिक के नाम से जाना जाता है। जेनेटिक कोड के जरिए ही हम नई चीजों को सीख पाते हैं। डॉ. गोपाल ने कहा कि सोमदेव ने कथासरितसागर के नाम से संस्कृत में पुस्तक लिखी, इसे हम गुणाढ्य के रूप में देख सकते हैं। संस्कृत के लगभग 3900 सूत्र हैं। महेश्वर सूत्रों से हम सभी शब्दरूप और धातुरूप बना सकते हैं। एआई में हम जीरो से एक का सहारा लेते हैं। गुणसूत्र की भाषा से एआई के संचार नेटवर्क को गढ़ा गया है।

परिचर्चा के सूत्रधार, साहित्यकार संजीव तिवारी ने कहा कि मेरे समझ में उपनिषद और एआई एक जैसे हैं। वेद ज्ञान का खजाना है, जिसका भाष्य उपनिषद है। एआई भी प्रश्नोत्तर शैली में उत्तर देता है। हमारा उपनिषद एआई का मूल है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल आईटी हैदराबाद जैसे संस्थान एआई को लेकर काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए दूसरे संस्थान भी काफी अच्छा काम कर रहे हैं।
















## खास खबर

### जंगली नेवले का शिकार करने पर युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव पुलिस ने जंगली नेवले (इंडियन ग्रे मुंगुस) का शिकार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को वन विभाग की टीम को सौंपा गया, जिसके खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम सूचना मिली कि ग्राम मटिया में शिवनाथ नदी के पास एक युवक ने जंगली नेवले का शिकार किया है। जिसे अपने पास रखा हुआ है। इसके बाद पुलिस व फारेस्ट की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जहां से आरोपी आरी कोनारी निवासी गोकुल उइके को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से मृत नेवला जब्त किया गया है।

### मिट्टी के ढेर पर चढ़ी कार पलटी, चालक घायल

**कोरबा।** कोरबा मार्ग पर वर्षों से चल रहा फोरलेन निर्माण कार्य अब राहगीरों के लिए खतरा बनता जा रहा है। शुक्रवार को इसी लापरवाही का एक और गंभीर उदाहरण सामने आया, जब मिट्टी की ढेरी से टकराकर एक कार पलट गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार को कुसमुंडा की ओर से कोरबा आ रही कार वैशाली नगर मोड़ से आगे डंफर पुल के नीचे अधूरे सड़क निर्माण स्थल पर सड़क के बीच रखी मिट्टी की ढेरी से जा टकराई। वाहन की रफ्तार थोड़ी तेज थी और अचानक सामने आई मिट्टी की ढेरी से टकराने के बाद कार पलट गई। हादसे में चालक को गंभीर चोटें आईं, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल कोरबा पहुंचाया गया। वहीं राहगीरों की सहायता से पलटी हुई कार को सीधा किया गया। चालक की पहचान की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आ पाई है।

### सूरजपुर में साधुओं पर तंत्र-मंत्र का शक, ग्रामीणों ने की पिटाई

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले के देवनगर गांव में सामने आया, जहां दूसरे राज्य से आए दो साधुओं को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। दोनों साधु गांव में एक व्यक्ति का हाथ देखकर भविष्य बता रहे थे। इसी दौरान वह व्यक्ति अचानक बेहोश हो गया। यह देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों को साधुओं पर तंत्र-मंत्र करने का संदेह हुआ, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। आक्रोशित लोगों ने दोनों साधुओं की पिटाई शुरू कर दी। कुछ समय बाद मामला शांत हुआ और ग्रामीणों ने दोनों साधुओं को छोड़ दिया। मौका मिलते ही दोनों साधु अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव से फरार हो गए।

# राजस्थान से कपास तोड़ने आए मजदूर को बंधक बनाकर पीटा

## ठेकेदार की शिकायत करने भिलाई-3 एसडीएम कार्यालय पहुंचे मजदूर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग-भिलाई। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के चेटवा गांव में राजस्थान से कपास तोड़ने आए मजदूरों को बंधक बनाए जाने, मारपीट और मजदूरी नहीं देने का मामला सामने आया है। मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदारों ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी, पूरी मजदूरी रोक ली और हिसाब-किताब की डायरी तक जला दी। वहीं, उन्होंने पुलिस पर भी ठेकेदारों का पक्ष लेने का आरोप लगाया गया है।**



राजस्थान के अलवर जिले से करीब 15 मजदूर, जिनमें महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं, 2 महीने पहले कपास तोड़ने के लिए दुर्ग लाए गए थे। मजदूरों का कहना है कि नरेश नाम के व्यक्ति ने उन्हें काम दिलाने का भरोसा दिया था। बाद में जोगेंद्र और उसके भाई गोरा मलिक के खेत में उन्हें कपास तोड़ने का काम दिया गया। सौदा 10 रुपए प्रति किलो तय हुआ था।

### मजदूरों का 3 लाख 85 हजार रुपए बकाया

मजदूर राजकुमार के अनुसार 3 महीने में उनकी कुल मजदूरी 4 लाख 35 हजार रुपए बनती है। ठेकेदार ने 9 जनवरी को सिर्फ 50 हजार रुपए दिए, जबकि 3 लाख 85 हजार रुपए अब भी बकाया है। जब मजदूरों ने अपनी मजदूरी मांगी तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि जोगेंद्र और गोरा मलिक ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी।

### लेखा-जोखा की जलाई डायरी

मजदूरों का कहना है कि 22 जनवरी को ठेकेदार और उसके भाई ने उनकी वह डायरी जला दी, जिसमें पूरे काम का हिसाब दर्ज था। इसके बाद कई मजदूरों के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि 10 मजदूरों और 2 बच्चों को खेत में बंधक बनाकर रखा गया था। किसी को बाहर जाने नहीं दिया जा रहा था।

### SP कार्यालय पहुंचकर शिकायत की

डर के कारण कुछ मजदूर भागे और कुम्हारी थाना पहुंचे। मजदूरों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी मदद करने के बजाय ठेकेदारों का साथ दिया। पुलिस की मौजूदगी में भी ठेकेदारों ने गोली मारने की धमकी दी। मजदूरों का कहना है कि रात करीब 3 बजे वे जान बचाकर खेत से निकलकर चरोदा के एक मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने रात गुजारी। मजदूरों ने घटना का वीडियो भी बनाया है, जिसमें बातचीत रिकॉर्ड हुई है। हालांकि, वीडियो में किसी का चेहरा स्पष्ट नहीं है। 24 जनवरी को मजदूर भिलाई-3 SDM कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत दी।

### ठेकेदार बोला- कोई विवाद नहीं, पुलिस ही बताएगी सब

वहीं ठेकेदार जोगेंद्र ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उसका कहना है कि मजदूरों से उसका कोई विवाद नहीं है। जो भी जानना है पुलिस से बात कर लीजिए। वहीं इस पूरे मामले में सीएसपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मजदूरों को बातचीत के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे सामने नहीं आए।

ठेकेदार के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है। मजदूरों को भगाने के आरोपों से पुलिस ने इनकार किया है। दोनों पक्षों को दोबारा बुलाकर बातचीत कराने की बात कही गई है।

# दुर्ग के बिरेझर में शाकम्भरी जयंती विवाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के बिरेझर गांव में कोसरिया मरार (पटेल) समाज द्वारा आयोजित शाकम्भरी जयंती पूजा का आयोजन अब एक गंभीर सामाजिक और प्रशासनिक विवाद बन गया है। समाज का आरोप है कि विसर्जन यात्रा के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद कुछ लोगों की दबंगई, जातिगत गाली-गलौज और पुलिस की कथित लापरवाही के कारण हिंसक घटना में बदल गया।

इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार (24 जनवरी) को मरार समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष दुर्ग एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसएसपी विजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करने और पीड़ित परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

एसएसपी विजय अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए थाना बोरी प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने निष्पक्ष जांच का आश्वासन भी दिया। मरार समाज के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2002-03 से बिरेझर गांव में समाज सामूहिक रूप से माता शाकम्भरी देवी की पूजा करता आ रहा है। पिछले तीन वर्षों से बाजार चौक बिरेझर में मूर्ति स्थापित कर पांच दिवसीय पूजा, यज्ञ-हवन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। यह परंपरा हर वर्ष गांव के सहयोग से शांतिपूर्वक संपन्न होती थी, लेकिन 4 जनवरी 2026 को विसर्जन यात्रा के दौरान स्थिति बिगड़ गई।

विवाद की जड़ एक अवैध चबूतरा बताया जा रहा है। समाज के अनुसार, 4 जनवरी 2026 को जब माता शाकम्भरी देवी की मूर्ति ट्रैक्टर में रखकर विसर्जन के लिए ले जाई जा रही थी, तब बाजार चौक बिरेझर में गणेश पटेल (लोधी) द्वारा सड़क पर अवैध रूप से बनाए गए चबूतरे में ट्रैक्टर फंस गया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि गणेश पटेल (लोधी) और उसके परिजनों ने समाज के लोगों और ग्रामीणों को अपशब्द कहे तथा जान से मारने की धमकी दी। हालांकि, गांव के बुजुर्गों और समाज के वरिष्ठजनों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को शांत कराया।

### SP कार्यालय पहुंचकर फूटा आक्रोश

मरार समाज के प्रतिनिधि विशाल पटेल ने बताया कि शाकम्भरी महोत्सव के दौरान हुई घटना बेहद दर्दनाक है। पहले तीन घरों में हमला करने की कोशिश की गई और चौथे घर में घुसकर मारपीट की गई। आरोप लगाया कि लिटिया सेमरिया चौकी प्रभारी द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा, एफआईआर की प्रति तक नहीं दी गई और 20 दिन बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आशंका जताई कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आरोपी दोबारा किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# फर्जी यूपीआई ट्रांजैक्शन दिखाकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** फर्जी यूपीआई ट्रांजैक्शन दिखाकर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी द्वारा क्लिनिक संचालिका से अलग-अलग किस्तों में 15 हजार रुपये की ठगी की गई थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुमन शुक्ला पति बलराम तिवारी (38 वर्ष), निवासी परसुराम चौक राज किशोर नगर थाना सरकंडा, सकरी क्षेत्र में अंबिका क्लीनिक का संचालन करती हैं।

आरोपी सुधीर बरामते पिता स्व. रामधर बरामते (27 वर्ष), निवासी दलदलिहापारा थाना सकरी, अपने बच्चे का उपचार कराने क्लीनिक आता था, जिससे उसकी जान-पहचान हो गई थी। गत वर्ष 9 सितंबर 2025 को आरोपी क्लीनिक पहुंचा और इलाज से संबंधित दवाइयां लेकर 3500 रुपये लिए। शाम को उसने फर्जी मोबाइल एप के माध्यम से भुगतान का ट्रांजेक्शन दिखाया। क्लीनिक में व्यस्तता के कारण प्रार्थिया ने तत्काल खाते की जांच नहीं की। इसके बाद आरोपी ने 10 से 17 सितंबर 2025 के बीच अलग-अलग तिथियों में 2500, 2000, 2500, 3500, 2500 और 2000 रुपये लेकर कुल 15 हजार रुपये फर्जी ट्रांजेक्शन दिखाकर ठग लिए। जब प्रार्थिया ने बैंक जाकर खाते की जांच करवाई तो उक्त राशि खाते में जमा नहीं पाई गई। आरोपी पुनः क्लीनिक पहुंचकर 1000 रुपये की मांग करने लगा, जिस पर प्रार्थिया ने उससे पैसे के संबंध में पूछताछ की। आरोपी ट्रांजेक्शन हिस्ट्री किसी अन्य के मोबाइल में होने की बात कहकर वहां से चला गया। इसके बाद पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना सकरी में अपराध क्रमांक 678/2025 धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# हत्या के केस में जमानत पर छूटा, चोरी में हुआ गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज


**बिलासपुर।** दुकान से चोरी के मामले में सरकंडा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले हत्या के आरोप में जेल जा चुका है और जमानत पर बाहर आने के बाद उसने वारदात को अंजाम दिया। चिंगराजपारा रामनगर निवासी नवीन साहू पिता गया प्रसाद की घर के सामने डेली नीड्स और चाय की दुकान है। 20 जनवरी की रात वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया।

अगले दिन सुबह जब वह दुकान गया तो गल्ले से 12 हजार रुपए चोरी हो गए थे। चोर छत के रास्ते से दुकान में घुसा और वारदात को अंजाम दिया। दुकानदार की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की। इसी बीच पता चला कि चिंगराजपारा रामनगर निवासी साहिल गंधर्व (19) अनाप-शनाप पैसे खर्च कर रहा है।

टीआई प्रदीप आर्य ने टीम बनाकर उसकी पतासाजी की। साहिल गंधर्व अपने घर में ही मिला। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार किया। वह दुकान के पास ही रहता है। छत के रास्ते से दुकान में घुसकर उसने चोरी की थी। उसके कब्जे से 9,100 रुपए बरामद हुए, जबकि बाकी रकम वह खर्च कर चुका था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साहिल गंधर्व पर हत्या का आरोप है और वह जेल से जमानत पर बाहर आया था।

# राजश्री गुटखा चोरी के आरोप में आरक्षक ने की वसूली, सस्पेंड

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायगढ़।** सिटी कोतवाली रायगढ़ में पदस्थ आरक्षक लोमस राजपूत का लेनदेन से जुड़ा ऑडियो वायरल होने के बाद एसपी दिव्यांग पटेल ने उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामला एक छोटे होटल संचालक से अवैध वसूली से जुड़ा हुई बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कोतरा रोड क्षेत्र का रहने वाला एक व्यवसायी टपरी होटल चलाता है। उसने दो अन्य व्यवसायियों के साथ मिलकर एक फेरीवाले से 100 पैकेट राजश्री गुटखा खरीदा था।

इसके बाद सिटी कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक लोमस राजपूत ने तीनों को थाने बुलाया। उन पर चोरी का गुटखा खरीदने का आरोप लगाते हुए केस में फंसाने की धमकी दी गई। आरोप है कि मामले से बचाने के नाम पर आरक्षक ने 50 हजार रुपए की मांग की। पीड़ित के अनुसार दबाव में आकर उसने 20 हजार रुपए नकद दे दिए, लेकिन इसके बाद भी आरक्षक ने 5 हजार रुपए और देने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। परेशान होकर पीड़ित व्यवसायी ने पूरे मामले की लिखित शिकायत बिलासपुर आईजी से की, जिसके बाद जांच के दौरान ऑडियो वायरल हुआ और कार्रवाई की गई।

# सरकारी डॉक्टर की नौकरी दिलाने 20 लाख की ठगी : बिना पे ऑप्शन का दिया चेक

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग-भिलाई।** दुर्ग जिले में सरकारी डॉक्टर के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी हुई है। आरोपी विकास चंद्राकर (39 साल) ने नौकरी लगाने का झांसा देकर पीड़ित से बड़ी रकम ऐंठ ली थी, लेकिन न तो नौकरी लगवाई और न ही पूरी राशि वापस की।

मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। आरोपी ने पैसे लौटाने के नाम पर बिना पे ऑप्शन का चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक प्रक्रिया में भेज दिया है।

### अलग-अलग समय पर 20 लाख लिए

पुलिस के अनुसार, 29 अगस्त 2025 को अंजोरा के रहने वाले सचिन मालगी (43) ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि विकास चंद्राकर नामक व्यक्ति ने उसे सरकारी डॉक्टर के पद पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था। इसके बदले आरोपी ने अलग-अलग समय पर कुल 20 लाख रुपए ले लिए।

### पैसे लेने के बाद भी नहीं लगाई नौकरी

पीड़ित का आरोप था कि पैसे लेने के बाद भी आरोपी ने न तो नौकरी लगवाई और न ही पूरी रकम वापस की। शिकायत की प्राथमिक जांच में मामला धोखाधड़ी का पाए जाने पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस लगातार आरोपी की पतासाजी कर रही थी।

सूचना मिलने पर आरोपी विकास चंद्राकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपने मेमोरेंडम कथन में स्वीकार किया कि उसने मई 2023 में डॉक्टर की नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थी से 20 लाख रुपये लिए थे।

### पैसे लौटाने चेक दिए, लेकिन उसमें भी पे-ऑप्शन नहीं रखा

आरोपी ने यह भी बताया कि नौकरी नहीं लग पाने की स्थिति में उसने अलग-अलग किश्तों में 8 लाख रुपये सचिन मालगी और उसकी पत्नी कीर्ति पटानी के खाते में वापस किए थे।

शेष 13 लाख रुपये लौटाने के लिए आरोपी ने भारतीय स्टेट बैंक के अपने खाते के दो चेक (5 लाख और 8 लाख रुपये) दिए थे। लेकिन आरोपी ने जानबूझकर अपने खाते में पे-ऑप्शन सक्रिय नहीं कराया, जिससे चेक बाउंस हो गए।

पुलिस ने आरोपी के कृत्य को गंभीर अपराध मानते हुए उसके खिलाफ विधिवत अभिरक्षा पत्र तैयार कर वैधानिक कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी का नाम विकास चंद्राकर (39), वह महासमुंद जिले का रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

Pho. No.07749-296102,e-mail add.-maddi-balod.cg@nic.in, mandibalod.cg@gmail.com

क्र./मंडी/निर्माण शाखा/2025-26/1576 बालोद, दिनांक 23/01/2026

**// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.) के अंतर्गत निम्न दर्शित कार्य/स्थल एवं कार्य के सम्मुख दर्शित लागत अनुसार कार्य कराये जाने हेतु छ.ग. लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें केवल पंजीकृत डाक से चार लिफाफा पद्धति से दि 17.03.2026 को 5.30 बजे तक छ.ग. शासन लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015, सड़क/ब्रिज कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं इस निविदा के जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र अ (प्रतिशत दर) में सचिव, कृषि उपज मंडी समिति बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 18.03.2026 को दोपहर 02:00 बजे खोली जायेगी।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 09.03.2026 को सायं 05.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 17.03.2026 को सायं 05.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोले जाने की अंतिम तिथि :- 18.03.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक

| क्र. | कार्य स्थल | कार्य विवरण | कार्य संख्या | SOR पर अनु. लागत प्रत्येक कार्य (लाख में) | ब्याने की राशि प्रत्येक कार्य FDR में | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रत्येक कार्य | दर अनुसूचि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धान उपार्जन केन्द्र जगतरा एवं ग्राम जामगांव (वि.ख. बालोद), ग्राम कमरौद (वि.ख. गुण्डरदेही) तथा ग्राम अंगारी (वि.खं. डौण्डीलोहारा) | सी.सी. रोड | 04 | 8.24 | 6500/- | डी एवं उच्च | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | 1000/- | Based on C.G.P.W.D. Building Works with Effect from 01.01.2015, Road/Bridge Works with Effect from 01.01.2025 & Electrical Works with Effect from 01.07.2015 |
| 2 | ग्राम जगतरा, जगन्नाथपुर, अरौद कोचेरा (वि.खं. बालोद), देवारभाट, कोबा (वि.खं. डौण्डीलोहारा) तथा ग्राम डुंडेरा, नवागांव-डू (वि.ख. गुण्डरदेही) | कव्हर्ड शेड | 08 | 9.67 | 7500/- | डी एवं उच्च | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | 1000/- | |
| 3 | ग्राम बघमरा (वि.खं. बालोद) | कव्हर्ड शेड | 01 | 9.24 | 7000/- | डी एवं उच्च | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | 1000/- | |
| 4 | ग्राम बुंदेली (वि.खं. डौण्डीलोहारा) | कव्हर्ड शेड | 01 | 9.96 | 7500/- | डी एवं उच्च | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | 1000/- | |
| 5 | ग्राम जगन्नाथपुर (वि.ख. बालोद) | सामुदायिक भवन एवं मंच | 01 | 9.69 | 7500/- | डी एवं उच्च | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | 1000/- | |

1. नियम व शर्ते एवं कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में दिनांक 09.03.2026 तक देखे / प्राप्त किये जा सकते है।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

भारसाधक अधिकारी / अपर कलेक्टर
कृषि उपज मंडी समिति
बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

सं. - 46674/3


### सिम्स की पार्किंग से महिला डॉक्टर की स्कूटी चोरी




**बिलासपुर।** बिलासपुर सिम्स की पार्किंग से महिला डॉक्टर की स्कूटी चोरी हो गई। कोरबा जिले के रामपुर निवासी मानसी मरावी पिता आनंद सिंह मरावी (23) सिम्स में डॉक्टर है। शुक्रवार की रात करीब 9.45 बजे ड्यूटी के लिए सिम्स आई थी। यहां स्कूटी क्रमांक सीजी12 एजे 5669 को पार्किंग में खड़ी कर ड्यूटी कर रही थी। रात 12.45 बजे वापस आकर देखा तो स्कूटी गायब थी। कोई उसे चोरी कर ले गया था। डॉक्टर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।







## प्रमुख खबरें

### दाऊ महिला समिति ने चलाया संपूर्ण नशाबंदी अभियान

**कोरबा।** जिले के पाली विकासखंड की ग्राम पंचायत उतरदा में दाऊ महिला समिति ने यह साबित कर दिया कि जब महिलाएं संगठित होकर आगे बढ़ती हैं, तो समाज की सबसे गहरी समस्याएं भी समाधान की राह पर आ जाती हैं। दाऊ महिला समिति की लगभग 300 महिला सदस्यों ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, उतरदा पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया।

### पोल खुलते ही सूरजपुर से दुम दबाकर भाग निकले तांत्रिक

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले के देवनगर गांव में दो साधुओं को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। साधु गांव में एक व्यक्ति का हाथ देखकर भविष्य बता रहे थे। इसी दौरान वह व्यक्ति अचानक बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। तंत्र-मंत्र का संदेह होने पर लोगों ने दोनों साधुओं की पिटाई शुरू कर दी। मौका देखकर दोनों साधु मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग खड़े हुए।

### 25 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा राजधानी में

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा। मतदाताओं को नए मतदाता परिचय पत्र तथा निर्वाचन आयोग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के संयुक्त सीईओ जयशंकर उरांव ने बताया कि मुख्य अतिथि लोक आयोग के अध्यक्ष इंदरसिंह उपवेजा होंगे।

### ग्राम सागमेटा में नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना

**बीजापुर।** थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सागमेटा में 24 जनवरी 2026 को नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना की गई। माओवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु डीआरजी, एसटीएफ, जिला बल, छसबल 2री वाहिनी डी समवाय की संयुक्त टीमों द्वारा 24/01/2026 को ग्राम सागमेटा में नवीन कैम्प स्थापित किया गया है।

## जनजागरूकता से आएगी सड़क दुर्घटनाओं में कमी

# मुख्यमंत्री ने हेलमेट लगाकर की दुपहिए की सवारी

श्रीकंचनपथ समाचार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं हेलमेट लगाकर दुपहिया वाहन की सवारी की। उनके साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल और परिवहन मंत्री केदार कश्यप भी शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जन जागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। यातायात नियमों के प्रति सजगता ही हमें जनहानि से बचा सकती है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने राजधानी रायपुर के पंडरी में आधुनिक लाइसेंस सेंटर कार्यालय भवन पंडरी का भूमिपूजन और प्रदेश भर में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत 12 नवीन मार्गों में 12 नवीन बसों का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए यातायात नियमों के पालन की अपील आम नागरिकों से की जिससे वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। सड़क हादसों में कमी लाने के लिए कार्य कर रहे राहगीरों, पुलिस मितान, चिकित्सकों, यातायात पुलिस कर्मियों सहित अन्य लोगों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में किसी माता की कोख सूनी हो जाती है, कई भाई अपनी बहन से हमेशा के लिए बिछड़ जाते हैं और कई बच्चे अनाथ हो जाते हैं। सड़क सुरक्षा के लिए रायपुर पुलिस ने अभिनव पहल करते हुए 4500 पुलिस मितान बनाए हैं। ये पुलिस मितान गांवों में सड़क सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगें। अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम ज्यादा होता है। ऐसे में पुलिस मितान की बड़ी भूमिका होगी। हमने इन पुलिस मितान साथियों को हेलमेट और फर्स्ट ऐड किट भी वितरित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेलमेट पहनना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में हेड इंजरी ही ज्यादा होती है जिससे लोगों की जान जाती है। अतः दुपहिया चलाते समय हेलमेट पहनना चाहिए और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए। वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात ना करें और ट्रैफिक सिग्नल ना तोड़े।

परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह कार्यक्रम मात्र एक औपचारिकता ना रहे बल्कि सड़क सुरक्षा का जनांदोलन बने। सड़क दुर्घटना में तत्काल सहायता करने वाले राहगीरों को 25 हजार की राशि का प्रावधान किया गया है। प्रभावितों के इलाज के लिए डेढ़ लाख के निःशुल्क इलाज की गई है।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ये महीना कई माताओं की गोद सूनी होने से बचाने का महीना है। हेलमेट पहनना अब अनिवार्य किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। हेलमेट लगाने से वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात करना बंद होगा और लोगों की जान बचेगी।

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा मितान साथियों को 25 हजार व 5 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों, यातायात सिपाहियों, वाहनचालकों, स्काउट गाइड के सदस्यों, यूनिसेफप्रतिनिधि, एनएचएआई अधिकारी तथा एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स को भी सम्मानित किया गया।

# छत्तीसगढ़ के विष्णु से मिले महाभारत के कृष्ण

## सुप्रसिद्ध अभिनेता नीतिश भारद्वाज ने की सौजन्य मुलाकात



श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध फिल्म एवं टीवी अभिनेता नीतिश भारद्वाज ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नीतीश भारद्वाज का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट से निर्मित महुआ वृक्ष की कलाकृति तथा बस्तर दशहरा पर आधारित कॉफी टेबल बुक भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की विशिष्ट जनजातीय कला, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए इनके संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों की जानकारी भी साझा की।

इस अवसर पर विधायक एवं छॉलीवुड के स्टार अनुज शर्मा, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।


## किन्नर समाज को किया सुरक्षित बैंकिंग साइबर सुरक्षा, स्वरोजगार के लिए प्रेरित

**रायगढ़।** किन्नर समाज को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रणी बैंक रायगढ़ द्वारा रायगढ़ में विशेष वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज (डीएफएस) के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य किन्नर समाज को सुरक्षित और औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है। शिविर में प्रतिभागियों को बचत खाता खोलने की प्रक्रिया, बचत का महत्व, बजट बनाना, निवेश के सिद्धांत, निवेश में सुरक्षा, तरलता एवं लाभप्रदता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों- कमाना, खर्च करना, उधार लेना, बचत, निवेश एवं बीमा सुरक्षा के बारे में सरल एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। किन्नर समाज को स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा वभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई। डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा, साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी से बचाव पर जोर दिया गया। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने फ्रॉड की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की जानकारी साझा की।

# 'गदर' के निर्माता ने दिया अगली फिल्म 'चित्रोत्पला' में बनाने का प्रस्ताव

श्रीकंचनपथ समाचार





**रायपुर।** चित्रोत्पला फिल्म सिटी के भूमिपूजन के साथ ही पर्यटन विभाग को फिल्म निर्माण एवं कन्वेंशन सेंटर में इकाइयों की स्थापना हेतु चार प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। समारोह के दौरान ये प्रस्ताव मुख्यमंत्री को सौंपे गए। गदर फिल्म के निर्माता श्री अनिल शर्मा ने अपनी आगामी फिल्म का निर्माण चित्रोत्पला फिल्म सिटी में करने का प्रस्ताव दिया।

इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड के चेयरमेन राकेश कुमार ने ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर में इंटरनेशनल एक्जीबिशन सेंटर एवं ट्रेड मार्ट के निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स के चेयरमेन नीरज खन्ना ने यहां वर्ल्ड क्लास हैंडीक्राफ्ट्स एंड गिफ्ट फेयर आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। वहीं एटी फिल्म्स हॉलीवुड से आशुतोष वाजपेयी ने हॉलीवुड फिल्मों एवं स्ट्रीमिंग वीडियो कंटेंट को चित्रोत्पला फिल्म सिटी में लाने का प्रस्ताव सौंपा।

उल्लेखनीय है कि राज्य में फिल्म टूरिज्म की व्यापक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की कैपिटल इन्वेस्टमेंट हेतु राज्यों को विशेष सहायता-ग्लोबल स्तर के आइकॉनिक पर्यटन केंद्रों का विकास योजना के अंतर्गत इन दोनों परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के तहत चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण हेतु 95.79 करोड़ रुपये तथा ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के निर्माण हेतु 52.03 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इन दोनों परियोजनाओं का क्रियान्वयन पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के अंतर्गत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र से लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश की भी संभावना है। परियोजनाओं को दो वर्षों की समयावधि में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

चित्रोत्पला फिल्म सिटी एवं ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जाएंगे। फिल्म सिटी के निर्माण से छत्तीसगढ़ में स्थानीय एवं अन्य वाणिज्यिक फिल्मों और वेब सीरीज के निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा। राज्य के प्राकृतिक दृश्य, पर्यटन स्थल एवं समृद्ध संस्कृति फिल्म शूटिंग के लिए अत्यंत अनुकूल हैं।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950